हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार 20 नवंबर 2024



# कर्मियों की हड़ताल से सफाई ठप, जगह-जगह कचरों का ढ़ेर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

समय पर वेतन भुगतान नहीं होने से नाराज नगर निगम के सफाई कर्मियों द्वारा हड़ताल किए जाने के चलते दो दिनों से शहर में सफाई व्यवस्था ठप हो गई है और जगह-जगह कचरा बिखरा हुआ है। नगर निगम क्षेत्र की सफाई व्यवस्था पहले से ही बदहाल है। ज्यादातर ठेके वाले वार्डों में सफाई को लेकर अक्सर शिकायत सामने आती है। वहीं अब सफाई कर्मचारियों के हड़ताल में चले जाने से शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह चौपट हो गई। आलम यह है कि शहर में दो दिनों से सफाई नहीं हुई है। जिसकी वजह से सभी तरफ कचरा फैला हुआ है।

**दुकानदारों ने की सफाई :** सफाई कर्मियों के हड़ताल के चलते शहर के अधिकांश दुकानदारों द्वारा अपनी दुकान के सामने झाड़ू लगाकर साफ किया गया है, लेकिन कचरा सड़क पर ही छोड़ दिया गया। सफाई कर्मचारियों के हड़ताल की वजह से सड़क से कूड़े का ढेर भी नहीं उठ पाया है।





**तीन माह से बकाया वेतन :** नगर निगम क्षेत्र की सफाई के लिए लगभग 150 प्लेसमेंट और 300 नियमित सफाई कर्मी हैं। प्लेसमेंट सफाई कर्मियों को 3 माह से वेतन भुगतान नहीं हुआ है। वहीं नियमित सफाई कर्मियों का 2 माह का वेतन बकाया है। दीपावली त्यौहार के वक्त भी सफाई कर्मियों को वेतन नहीं दिया गया। जिसके चलते सफाई कर्मचारियों ने हड़ताल किया हुआ है।

### कर्मचारियों में नाराजगी

सफाई कर्मचारियों को दीपावली पर्व के दौरान वेतन नहीं दिए जाने के चलते सफाई कर्मियों में खासा रोष है। सोमवार को सफाई कर्मियों ने वेतन नहीं मिलने तक अनिश्चितकालीन हड़ताल का ऐलान किया था। जिसके चलते दो दिनों से शहर में सफाई नहीं की गई है। शहर के मुख्य मार्गों से लेकर भीतरी वार्डों में कचरा फैला हुआ है।



### बाजार क्षेत्र में बुरा हाल

सफाई कर्मियों के हड़ताल पर चले जाने की वजह से शहर की सड़कों पर झाड़ू भी नहीं लगा है। वहीं कई जगह पर कचरे का ढ़ेर पड़ा हुआ है। शहर के गुडाखू लाइन, जूनीहटरी रोड, जयस्तंभ रोड, हलवाई लाइन, सिनेमा लाइन सहित अन्य सड़कों पर कचरा बिखरा हुआ है। वहीं सफाई नहीं होने से गोल बाजार क्षेत्र का बुरा हाल है। यहां सब्जियों का कचरा भी नहीं उठा है। जिसके चलते मवेशी भी बाजार में गंदगी फैला रहे हैं।

## 26 गुम-अपहृत बालक-बालिकाओं को पुलिस ने खोज निकाला

**राजनांदगांव।** जिले में चलाए जा रहे आपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस ने विगत 15 दिनों में 26 गुम अपहृत बालक-बालिकाओं को बरामद कर उनके परिजनों को सौंपा है। जिससे परिजनों में हर्षोल्लास का माहौल है।

पुलिस के अनुसार पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज दीपक कुमार झा के आदेशानुसार पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन पर समस्त राजपत्रित अधिकारियों को ऑपरेशन मुस्कान के तहत गुम, अपहृत (बालक-बालिकाओं) की खोजबीन कर बरामद करने एवं आरोपियों के विरूद्ध त्वरित वैधानिक कार्रवाई करने हेतु कहा गया था।

### परिजनों के खिले चेहरे

अपने-अपने अनुविभाग में नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक, एसडीओपी डोंगरगांव दिलीप सिसोदिया, एसडीओपी डोंगरगढ़ अशीष कुंजाम के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थानों में दर्ज प्रकरणों पर विशेष रूचि लेकर थाना कोतवाली, डोंगरगढ़, बसंतपुर, बोरतलाव, डोंगरगांव, छुरिया, गैंदाटोला, लालबाग ओपी चिखली में दर्ज मामलों पर विगत 15 दिन में ऑपरेशन मुस्कान के तहत 4 बालक एवं 22 बालिका कुल 26 अपहृत नाबालिकों को बरामद कर उनके परिजनों को सुपुर्द किया गया। राजनांदगांव पुलिस ने तलाश कर उनके माता-पिता को सुपुर्द किया तो उनके मुरझाए चेहरे फिर से खिल उठे। जिले में ऑपरेशन मुस्कान जारी है।

### एसएलआरएम सेंटर: शहर सरकार पर अपने चहेतों को काम दिलाने का आरोप

# तीन करोड़ का टेंडर एमआईसी के मुख्य विषय में लाए बिना ही पास

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर में हर घर से कचरा उठाने के लिए संचालित एसएलआरएम सेंटर का दोबारा टेंडर कर लिया गया है। बड़ी बात यह है कि सालभर का तीन करोड़ से अधिक भुगतान वाले इस टेंडर को बिना एमआईसी के मुख्य विषय में लाए ही पास कर दिया गया है। शहर सरकार पर आरोप लग रहे हैं कि उसने अपने चहेतों को टेंडर देने के लिए ऐसा किया है। इधर सेंटर संचालन में गड़बड़ी की शिकायत के बाद आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने नोटिस जारी कर जवाब भी मांगा है।

उल्लेखनीय है कि शहर को साफ रखने के लिए एसएलआरएम सेंटर का संचालन किया जाता है। शहर में भी 18 सेंटर के जरिये सवा चार सौ से अधिक महिलाएं कार्यरत हैं। एसएलआरएम सेंटर के संचालन का सालाना टेंडर दिया जाता है। इस बार भी निगम ने टेंडर प्रक्रिया कर ठेका दे दिया है। जबकि टेंडर लेने वाले ठेकेदार जमकर भ्रष्टाचार और मनमानी कर रहे हैं। इतना ही नहीं एक ओर ठेका वाले वार्डों में ठेकेदारों द्वारा समुचित सफाई नहीं की जा रही है। वहीं समय पर शहर की नालियों में दवाइयों का छिडक़ाव नहीं कर पैसा बचाया जा रहा है। इसके अलावा एसएलआरएम सेंटरों व ठेका वाले वार्डों में कार्यरत सफाई कर्मियों के हाजिरी में भी गड़बड़ी कर निगम के खजाने की सफाई करने का मामला सामने आ रहा है।

## गड़बड़ी की शिकायत बाद निगम आयुक्त ने जारी किया नोटिस

### नोटिस से मचा हड़कंप

एसएलआरएम सेंटर संचालन करने वाले ठेकेदार द्वारा कर्मियों के गैरहाजिर की फर्जी हाजिरी दर्शाकर लाखों रुपए का हेरफेर किया जा रहा है। शिकायत सामने आने के बाद नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने इस मामले में प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी, मिशन क्लीनसिटी प्रभारी व ठेकेदार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। आयुक्त के नोटिस बाद स्वास्थ्य विभाग और ठेकेदारों में हड़कंप की स्थिति है।

- महिला समूह की आड़ में नेता ही कर रहे ठेकेदारी
- हर महीने लाखों रुपए के हेर फेर की शिकायत, होगी जांच

### जानकारी नहीं

एसएलआरएम सेंटर के टेंडर को लेकर मेरे पास किसी भी प्रकार की जानकारी नहीं है। मेरे संज्ञान में लाए बिना ही टेंडर प्रक्रिया कर ली गई है। यह एमआईसी बैठक के मुख्य विषय में भी नहीं लाया गया था।

- **गणेश पवार**, चेयरमैन स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग




### हर माह 24.62 लाख का भुगतान

एसएलआरएम सेंटर के पीछे निगम हर महीने लगभग 25 लाख रुपए खर्च करता है। मिली जानकारी के अनुसार शहर में 17 एसएलआरएम सेंटर है और इनमें करीबन 342 महिलाएं कार्यरत है। हर महिला को 7200 रुपए मासिक भुगतान होना है। ऐसे में महीने का 24.62 लाख एवं सालाना 2.95 करोड़ रुपए इस सेंटर के पीछे निगम खर्च कर रहा है।

### हाजिरी में गड़बड़ी, लाखों का हेरफेर

शहर में हर घर से कचरा संग्रहण करने के लिए कुल 17 एसएलआरएम सेंटर संचालित किया जा रहा है। यहां पर घरों से आने वाला गीला, सूखा कचरा सहित अन्य कचरे की छंटनी की जाती है। इस काम के लिए पंजीकृत महिला समूहों को कचरा संग्रहण व छंटनी के लिए ठेके पर दिया गया है। काम पर आने वाली महिलाओं का निष्ठा एप के जरिये हाजिरी लगानी होती है। इस निष्ठा एप से लगाए जाने वाली हाजिरी और मौके पर कार्यरत कर्मचारियों की संख्या में ही गड़बड़ी की गई है।

### रेवाडीह क्षेत्र का मामला

## धान कटाई के दौरान निकला अजगर, वन विभाग ने किया रेस्क्यू



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के रेवाडीह क्षेत्र में आज दोपहर एक खेत में धान कटाई के दौरान लगभग 10 फीट लंबा अजगर सांप देखे जाने से हड़कंप मच गया। किसान द्वारा मामले की सूचना वन विभाग को दी गई। इसके बाद मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने अजगर का रेस्क्यू किया है।

शहर के रेवाडीह क्षेत्र स्थित मणीकंचन केंद्र के समीप आज दोपहर नरेंद्र उटी के खेत में धान की कटाई चल रही थी। इसी दौरान खेत में अजगर निकल आया। जिससे धान कटाई कर रहे लोग सकते में आ गए। लगभग 10 फीट लंबे अजगर के निकलने की सूचना वन विभाग को दी गई। इसके बाद वन अमले की टीम मौके पर पहुंची और अजगर का रेस्क्यू किया।

### खेत के आसपास अजगर का बसेरा

कृषक नरेंद्र उटी ने बताया कि अक्सर खेत के आसपास अजगर दिखाई देते थे। उन्होंने बताया कि लगभग तीन से चार अजगर इस क्षेत्र में है। जिसमें से आज एक अजगर खेत में निकला था, जिसे वन विभाग की टीम ने पकड़ा है।

### सुरक्षित किया गया रेस्क्यू

अजगर निकलने की सूचना पर रेस्क्यू करने मौके में पहुंचे संजीव फ्रांसिस ने बताया कि अजगर का सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया गया है और इसके बाद उसे जंगल क्षेत्र में छोड़ा जाएगा।

### महिलाओं ने देखा अजगर

रेखा उटी आई ने बताया कि दोपहर 2 बजे लगभग जब वह अपने खेत में धान कटाई कर रही थी, तभी इसी दौरान अजगर नजर आया। इसके बाद सभी दहशत में आ गए और अजगर को पकड़ने सूचना दी।

### अजगर की मौजूदगी से दहशत

खेत में लगभग 10 फीट लंबे अजगर को देखकर लोग सकते में आ गए हैं। वहीं आसपास खेतों में भी धान की कटाई शेष है। ऐसे में अन्य अजगर की मौजूदगी को लेकर भी दहशत बना हुआ है।

## 80 वाहनों पर पुलिस ने लिखवाया नंबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल के निर्देशन में समर्थ अभियान के तहत यातायात का पालन कराने जागरूकता अभियान व चालानी कार्रवाई अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत बिना नंबर वाली गाड़ियों का मौके में ही नंबर लिखवाकर यातायात नियमों का पालन करने समझाईस दिया गया।

पुलिस के अनुसार पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नितेश कुमार गौतम के दिशा-



निर्देश में यातायात नियमों का पालन कराए जाने हेतु जागरूकता अभियान चलाया गया। साथ ही चालानी कार्रवाई भी की गई। जागरूकता अभियान के दौरान जिन गाड़ियों के नंबर नहीं लिखा हुआ था, ऐसी लगभग 80 गाड़ियों का मौके पर ही नंबर लिखवाकर यातायात नियमों का पालन करने समझाइश दिया गया।

**9 हजार रुपए समन शुल्क वसूले :** साथ ही जिनके दस्तावेज पूरे नहीं थे, ऐसे 30 वाहन चालकों पर चालान की कार्रवाई कर 9 हजार रुपए समन शुल्क भी वसूल किया गया। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने एवं यातायात नियमों का पालन कराए जाने हेतु यातायात शाखा खैरागढ़ का लगातार प्रयास जारी है। बढ़ती दुर्घटनाओं को देखते हुए वाहन चालकों को यातायात नियम के तहत वाहन चलाने निर्देशित किया गया।

## तालाब किनारे सजी थी फड़, तीन पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ताश पत्ती से जुआ खेल रहे तीन आरोपियों को पकड़कर कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस की लगातार कार्रवाई से असामाजिक तत्वों में हड़कंप मचा हुआ है।



पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक संजय बरेठ के नेतृत्व में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा असामाजिक तत्वों एवं अवैध शराब बिक्री करने वालों व जुआ-सट्टा के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा है।

**मोती तालाब के पास खेल रहे थे जुआ**

जिसके तहत 18 नवंबर को को मुखबीर की सूचना पर घटनास्थल नया बस स्टैंड के पास स्थित मोती तालाब के गौरा-चौराहा के पास कुछ लोग रुपए-पैसे का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं कि सूचना पर पुलिस ने रेड कार्रवाई कर आरोपी अंशु राजपूत 20 वर्ष निवासी लालबाग, विकास यादव 24 वर्ष निवासी बलदेवबाग एवं विनोद मिश्रा 33 वर्ष निवासी गुरुनानक चौक के कब्जे से एवं फड़ से कुल 18300 रुपए बरामद कर विधिवत्त जब्त किया गया। आरोपियों का कृत्य छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3(2) का पाए जाने से गिरफ्तार कर विधिवत कार्रवाई किया गया।

0 **राजनांदगांव।** मौसम में परिवर्तन के चलते गुलाबी ठंड अपना असर दिखाना शुरू कर दी है। शाम होते ही लोग गर्म कपड़े का उपयोग करने लगे हैं।

### माय एंगल




### हाईकोर्ट के निदेश बाद एक्शन की तैयारी, हटेगी तंबाकू बेचने वाली दुकानें

# कोटपा एक्ट के तहत कार्रवाई की तैयारी, स्कूलों से पूछा: आपके 100 मीटर के दायरे में कितनी दुकानें

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेशभर में अब सरकारी एवं निजी स्कूलों के सौ मीटर के दायरे में कोटपा एक्ट के तहत कार्रवाई की तैयारी कर ली गई है। प्रदेश से निर्देश मिलने के बाद जिले में भी शिक्षा विभाग सभी स्कूलों से यह जानकारी मंगा रहा है कि उनके स्कूल के आसपास कितनी दुकानें है और इनमें कितनों में तंबाकू की बिक्री होती है। जानकारी सामने आने के बाद प्रशासन द्वारा इन तंबाकू दुकानों में तोड़फोड़ की कार्रवाई की जाएगी।



उल्लेखनीय है कि कोटपा एक्ट के तहत सभी प्रकार के शिक्षा संस्थाओं के बाहर सौ मीटर के दायरे में किसी भी प्रकार का तंबाकू की बिक्री नहीं की जा सकती है। इसके बाद भी जिले में सैकड़ों ऐसी स्कूलें हैं, जहां धड़ल्ले से पान ठेलों का संचालन हो रहा है। ऐसे में अब प्रदेश सरकार इसको लेकर सख्त एक्शन लेने के मूड़ में आ गए हैं। सभी जिलों से इसकी जानकारी मंगाई गई है। खास बात यह है कि शिक्षकों को ही कहा गया है कि जानकारी बनाकर शिक्षा विभाग को उपलब्ध कराया जाए। मिली जानकारी के अनुसार स्कूलों के बाहर तंबाकू की बिक्री को लेकर हाईकोर्ट ने भी नाराजगी जताई है। हाईकोर्ट के निर्देश बाद ही प्रदेश में शिक्षा विभाग हरकत में आया है और आनन-फानन में सभी स्कूलों से जानकारी जुटाई जा रही है। बताया गया कि जिलों से यह जानकारी प्रदेश में जाएगी, जहां से सभी जिलों को एक्शन के निर्देश दिए जाएंगे।

### आज बैठक, सौंपे जाएंगे आंकड़े

जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल ने बताया कि शासन से निर्देश मिलने के बाद उन्होंने भी सभी स्कूलों से उनके परिसर के सौ मीटर के दायरे में संचालित होने वाली दुकानों की जानकारी मंगाई है। कल बुधवार को एक बैठक रखी गई है। इसमें ही सभी डिटेल सामने आ जाएगी। जानकारी आने के बाद ऐसी दुकानों के खिलाफ एक्शन लिया जाएगा।

### जद में स्कूली बच्चे

शहर से लेकर गांव में ऐसे कई स्कूल देखने को मिल जाएंगे, जहां ठीक सामने पान ठेलों का संचालन हो रहा है। ऐसे में स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे नशे की जद में आ रहे हैं। शहर में ही ऐसी कई स्कूलें हैं, जिसके सामने पान ठेला संचालित है और वहां यूनिफार्म में बच्चों को धुम्रपान करते देखा जा सकता है। यही कारण है कि अब प्रदेश के शिक्षा महकमे ने इसके खिलाफ कार्रवाई की तैयारी कर ली है।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
कैंसर चिकित्सा विभाग
उपलब्ध सुविधाएं
• ब्लड कैंसर • ब्रेस्ट कैंसर
• कोलोन कैंसर, • लीवर कैंसर
• फेफड़ों के कैंसर, • अमाशय के कैंसर
• प्रोस्टेट कैंसर, • बड़ी आंत और छोटी
• आंत का कैंसर • मुंह व गले के कैंसर का इलाज
साथ ही सभी तरह के कैंसर की जांच
ऑपरेशन और कीमो थैरेपी की सुविधा
आयुष्मान से कैंसर की आपरेशन की सुविधा उपलब्ध
➡ हाईटेक आईसीयू एवं सीसीयू ➡ अनुभवी मेडिकल स्टॉफ के साथ
➡ हाई टेक ट्रॉमा सेंटर एक्सीडेंटल केस के लिए ➡ 24 घंटे आपातकालीन सुविधा
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## खबर संक्षेप



### नवीन बने सक्रिय सदस्य

**छुरिया।** भाजपा के सदस्यता अभियान के तहत नवीन साहू ने पार्टी मापदंड को पूरा करते हुए सक्रिय सदस्यता लिया। उन्हे मंडल भाजपा महामंत्री हृदय देवांगन ने सक्रिय सदस्यता बनाया।

### माक टेस्ट का आयोजन



**अर्जुनी।** राज्य शासन के निर्देशानुसार प्राथमिक शाला सुखरी में सोमवार को परख माक टेस्ट का आयोजन किया गया जिसमे कक्षा तीसरी के सभी 12 छात्र छात्राएं शामिल हुए। उल्लेखनीय हैं कि छात्रों की प्रतिभा और शैक्षणिक स्तर के मूल्यांकन के लिए परख कार्यक्रम शुरू किया गया। कार्यक्रम के तहत कक्षा तीसरी, छठवीं और नवमी के विद्यार्थियों को प्रति दिन एक घंटे का अभ्यास कराया गया। नियमित अभ्यास के बाद बीते सोमवार को माक टेस्ट लिया गया। आगामी 25 नवंबर को भी पूरे प्रदेश में एक साथ माक टेस्ट का आयोजन रखा गया हैं। आगामी 4 दिसंबर को परीक्षा होगी, जिसके लिए प्रश्न पत्र और ओएमआर सीट दिया जा रहा हैं जिसे शिक्षकों ने तैयार किया है।

### जांच के नाम पर दुकानदारों से उगाही

**डोंगरगढ़।** मिलावटी खाद्य सामाग्री की जांच के नाम पर अवैध उगाही करने की शिकायत मिली है। सेफ्टी खाद्य विभाग ने दिवाली के पहले दूध, दही, पनीर, ब्रेड, मक्खन, बेकरी आदिका दुकानों से सैम्पल लिया था। अब दुकानदारों को कार्यालय बुलाकर अवैध उगाही किया जा रहा है। अधिकारियों द्वारा की जा रही अवैध वसूली से दुकानदारों में नाराजगी देखी जा रही है। जानकारी के अनुसार दिवाली के समय छोटे-बड़े दुकानदारों से अधिकारियों-कर्मचारियों की टीम लिखापढ़ी कर ले गई थी। अब कार्यालय बुलाकर वसूली किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार छोटे दुकानदारों से 2 से 5 हजार एवं बड़े व्यापारियों से 10 से 20 हजार तक मांग किया जा रहा है।

## नोटिस थमाने की तैयारी, 15 दिन बाद काटा जाएगा कनेक्शन

# बिजली बिल भुगतान करने में कोताही सरकारी विभागों पर 8 करोड़ बकाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

सरकारी विभागों द्वारा बिजली का उपयोग करने के बाद भी बिल अदा करने में कोताही किया जा रहा है जिसके चलते कई विभाग विद्युत वितरण कंपनी के बकायादार बन गए है। कंपनी को विभिन्न विभागों से करीब 8 करोड़ लेना है। भुगतान में लगातार विलंब होने के बाद कंपनी अब विभागों को बकाया राशि का अदा करने के लिए नोटिस जारी करने की तैयारी में। विभागों को देयक भुगतान के लिए एक पखवाड़े का समय दिया जाएगा।

जानकारी के अनुसार विद्युत संभाग में नगरीय निकाय, अस्पताल जैसी अन्य सेवाएं मौजूद है। इन विभागों में विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बिजली आपूर्ति के लिए कनेक्शन दिए गए हैं। कई विभागों ने सालों से बिजली बिल का भुगतान नही किया है जिसके कारण हर माह बिजली बिल की राशि बढ़ते जा रही है।

विद्युत वितरण कंपनी के कार्यपालन अभियंता पीसी साहू ने बताया कि विद्युत संभाग अंतर्गत जल संसाधन विभाग, वन विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थय विभाग, महिला बाल विकास विभाग, नगर पंचायत, ग्राम पंचायत सहित अन्य विभागों में 8 करोड़ 17 लाख 94 हजार बकाया हैं। सर्वाधिक बकाया ग्राम पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग का 4 करोड़ 40 लाख 92 हजार है। नगर पंचायत का 3 करोड़ 30 लाख 82 हजार, जल संसाधन विभाग का 16 लाख 40 हजार बकाया है। यह बकाया सितंबर माह तक का है। यह राशि सितंबर के बाद और बढ़ गई है।



### किस विभाग पर कितना

| | |
|---|---|
| जनपद पंचायत | - 10.78 लाख |
| पुलिस विभाग | - 5.78 लाख |
| शिक्षा विभाग | - 7.30 लाख |
| स्वास्थ्य विभाग | - 17.57 लाख |
| राजस्व / तहसील | - 0.44 लाख |
| आदिम जाति कल्याण विभाग | - 9.55 लाख |
| लोक निर्माण विभाग | - 0.58 लाख |
| महिला एवं बाल कल्याण विभाग | - 3.55 लाख |
| वन विभाग | - 1.14 लाख |
| कृषि विभाग | - 0.13 लाख |
| सहकारिता विभाग | - 0.84 लाख |
| जल संसाधन विभाग | - 16.40 लाख |

### कनेक्शन काटने की तैयारी

जानकारी के अनुसार बिल का भुगतान नहीं करने वाले विभागों को विद्युत वितरण कंपनी अब नोटिस थमाने की तैयारी में है। नोटिस जारी करने के 15 दिवस बाद भी बिल भुगतान नहीं किया गया तो लाईन विच्छेदन की कार्रवाई हो सकती है। ऐसा होने पर विभिन्न विभागीय कार्रवाई पर विराम लग जाएगा। उल्लेखनीय है कि अधिकांश विभागों में बहुसंख्यक कार्य कम्प्यूटर के जरिए होते है जिसके लिए बिजली निहायत ही जरूरी है।

# गुणवत्ताहीन सड़क व नाली का निर्माण



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

राजकट्टा से गाजमर्रा तक 3 करोड़ की लागत से सड़क का डामरीकरण एवं नाली निर्माण किया जा रहा है। लोक निर्माण विभाग द्वारा ठेकेदार के माध्यम से कराए जा रहे इस कार्य में गुणवत्ता की अनदेखी किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार चंद्रगिरि तीर्थ को जोड़ने वाला यह मार्ग पूरी तरह जर्जर हो गया था। चंद्रगिरि में जाने वाले जैन अनुयायियों की सुविधा को ध्यान में रखकर राज्य सरकार ने प्रज्ञागिरि, बम्लेश्वरी स्थल से जोड़ने वाले इस मार्ग को प्राथमिकता में शामिलकर राशि स्वीकृत किया है। ठेकेदार द्वारा स्टीमेट को नजरअंदाज कर सड़क एवं नाली का निर्माण किया जा रहा है। पुरानी सड़क को बिना स्केलिंग किये ही मुरूम एवं गिट्टी बिछा दिया गया है जिससे वाहनों के गुजरने पर धूल उड रही है और लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। सड़क के बाजू बनने वाली सीसी नाली में न तो पर्याप्त लोहे का इस्तेमाल किया जा रहा है, न ही उपयुक्त मटेरियल। गांव वालों का कहना है जिस तरह सड़क का निर्माण किया जा रहा है उससे सड़क और नाली का अधिक समय तक टिकना मुश्किल है।

### पाटने लगे नाली

जानकारी के अनुसार सड़क किनारे जिनके खेत या घर है वह लोग अपनी सुविधा को देखते हुए निर्माणाधीन नाली को पाटकर मार्ग बनाने लगे है।

# घुमका में नवनिर्मित भवनों का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ घुमका

ग्राम में मंगलवार को सामुदायिक पत्रकार भवन, गायत्री सामुदायिक भवन, महिला भवन, वार्ड 2 में आंगनवाड़ी क्रमांक 3 का लोकार्पण किया गया। मुख्य अतिथि विधायक हर्षिता स्वामी बघेल थी। अध्यक्षता पूर्व विधायक भुवनेश्वर बघेल ने की। विशिष्ट अतिथि जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू, पंकज बांधव, अधिवक्ता मिहिर झा, जनपद सदस्य दिलीप पटेल, रतन यादव, सरपंच फूलमती वर्मा, गणपत दुबे, कमल दुबे, सेवाराम दुबे, बीएल श्रीवास, पत्रकार महासंघ के ब्लॉक अध्यक्ष इंद्रपाल



सिंह, प्रहलाद यादव, जयकुमार वर्मा, कैलाश शर्मा, नवनीत सिंह थे। अतिथियों ने पहले नवनिर्मित भवनों का फीता काटकर लोकार्पण किया। पंचायत प्रांगण में सभा संपन्न हुई। सभा को विधायक श्रीमती बघेल, पूर्व विधायक श्री बघेल, श्री साहू, श्री दुबे ने संबोधित किया।

### कांग्रेस सरकार ने बनाया नगर पंचायत

विधायक श्रीमती बघेल ने घुमका को नगर पंचायत का दर्जा मिलने का श्रेय कांग्रेस सरकार को देते हुए बताया कि भेंट मुलाकात कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस आशय की घोषणा किया था। कांग्रेस अध्यक्ष साहू ने कहा कि घुमका के विकास को गति कांग्रेस सरकार ने दिया जबकि भाजपा सरकार यहां अब तक कुछ नहीं कर पाई है। कार्यक्रम का संचालन रोहित निर्मलकर ने किया। इस मौके पर डाली पीयूष दुबे, योगिता चंदेल, डोमार साहू, गीतेश सिन्हा, कन्हैयालाल देवांगन, हेमलाल बंजारे, हिंसाराम वर्मा, मुबारक खान, रामसिंह साहू एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# किसानों की मांग पूरी करे सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़






डोंगरगढ़ से कवर्धा बनने वाली रेल लाइन के जमीन के मुआवजे और प्रभावित परिवार के एक सदस्य को नौकरी की मांग का समर्थन करते हुए पूर्व मंत्री धनेश पटिला एवं कांग्रेसी नेता विष्णु लोधी ने राज्य एवं केन्द्र सरकार से प्राथमिकता से पूरा करने की अपील किया है। उन्होने किसानों की जमीन का तीन गुना मुआवजा और रेल्वे में नौकरी देने की मांग को जायज ठहराया है। किसानों की मांग को लेकर जल्द ही क्षेत्र के कांग्रेसी नेता आंदोलन करने की तैयारी में हैं। पूर्व मंत्री श्री पटिला ने बताया कि डोंगरगढ़ से कटघोरा रेल मार्ग की स्वीकृति का प्रारूप कांग्रेस शासनकाल में मोतीलाल वोरा एवं जिले के पूर्व सांसद स्व. देवव्रत सिंह के प्रयास से बजट में शामिल कियागया था। इसका सर्वे भी हो चुका था। भाजपा सरकार वर्षो पुरानी मांग को पूरा तो कर रही है लेकिन किसानों की मांग को अनदेखा किया जा रहा है। जबकि श्री लोधी ने जमीन अधिग्रहण के बाद किसानों की आय के प्रभावित होने पर चिंता जाहिर करते हुए उनकी मांगो को जायज बताया है। दोनो नेताओं ने कहा कि किसानों की जमीन सरकार अधिग्रहण कर रही है तो उनके साथ न्याय भी करे। उन्होंने किसानों की मांग पूरी होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी है। उन्होने कहा है कि किसानों की जमीन अधिग्रहित होने से किसानों को भटकना पड़ेगा।

# जांच के बाद होगी राईस मिलरों पर कार्रवाई

## मामला : उसना चावल के अफरा-तफरी का

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

राईस मिल में छापा के 5 दिन बाद भी विभागीय कार्रवाई लंबित है जिसे लेकर सवाल खड़े होने लगे है। छापा के बाद यह बात प्रमुखता से सामने आई थी कि कई मिल संचालक उसना चावल बनाने के बाद अन्य कंपनियों के नाम से पैक कर अन्य देशों। के भेज रहे थे। कलेक्टर संजय अग्रवाल के आदेश पर एसडीएम मनोज मरकाम ने गत दिनों खाद्य एवं कृषि उपज मंडी के अधिकारियों कर्मचारियों की टीम गठित कर अरोरा राईस मिल में छापा मारा था। अरोरा इंडस्ट्रीज की स्टाक पंजी की जांच और भौतिक सत्यापन करने पर मिल में 5 स्टाक धान पाया गया। पोल्ट्री फार्म चौथना में 1 स्टाक धान पाया गया और मिल परिसर में 5798 क्विंटल उसना चावल पाया गया। मिलान करने पर राईस मिल में कुल 106000 कट्टा धान पाया गया। जाँच में कुल 37555.80 क्विंटल धान होने की पुष्टि हुई। स्टाक जांच करने पर 37319 क्विंटल धान जिसकी मिलान करने पर 236.80 क्विंटल धान अधिक पाया गया। अतिरिक्त धान को जप्त कर मंडी अधिनियम की धारा 23 एवं 19 (4) के तहत कार्यवाही प्रतिपादित किया गया था। इस कार्यवाही में एसडीएम मनोज मरकाम, जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी डुमेंद्र ध्रुवे, अतिरिक्त तहसीलदार राजेश नेताम कमल किशोर साहू, खाद्य निरीक्षक सिध्दार्थ मिश्रा, मंडी निरीक्षक ईश्वरी चंद्राकर सहित अन्य शामिल थे।



### गोरखधंधे का खुलासा

जांच के दौरान उसना चावल के प्लास्टिक कट्टे में अन्य कंपनियों के नाम से उसना चावल बाहर भेजने का खुलासा हुआ। जानकारी के अनुसार 14 नवंबर को सीलीपाट सीमेंट फैक्ट्री स्थित रेल यार्ड में 200 से अधिक ट्रकों में उसना चावल भरकर रेल के माध्यम से विशाखापट्टनम के रास्ते अन्य देश भेजने की जानकारी मिली थी। बताया गया था कि गुरुदेव इंडस्ट्रीज महाराजपुर ने माल वैगन में उसना चावल के लोडिंग करवाया था।

### प्रतिवेदन के बाद कार्रवाई

खाद्य निरीक्षक डोमेंद्र ध्रुवे ने बताया कि उसना चावल का सैम्पल जांच के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने में 15 दिन लगता है। तीन अलग अलग विभागों द्वारा जांच की जा रही है। जांच प्रतिवेदन मिलने के बाद राईस मिलरो पर कार्रवाई की जाएगी।

# बाल मेला में उत्साहित दिखे स्कूली बच्चे





हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

देश के पहले प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू की जयंती के मौके पर स्थानीय नवीन महाविद्यालय एवं पूर्व माध्यमिक विघालय के तत्वावधान में बाल मेला का आयोजन किया। कार्यक्रम के आरंभ में पं. नेहरू को पुष्पाजंलि अर्पित कर आजादी के आंदोलन और स्वतंत्र भारत के विकास में उनके योगदान को याद किया गया। इस मौके पर कालेज की उपासना साहू, रेणुका, लक्ष्मी साहू, तनु ठाकुर, पूजा, रितु, मिथिलेशकुमारी, दुकेश्वर, शिवशंकर, लक्ष्मी यादव और पूर्व माध्यमिक शाला के धनेश्वर, कोमल, रेशम, डाली, गायत्री, रजनी, हेमा, जानू, रागनी, अभिलाषा, पलक, गोपिका आदि ने विभिन्न व्यंजनों के स्टाल लगाए थे। बच्चों, शिक्षकों और पालकों ने स्टाल में जाकर खरीददारी कर बच्चों को उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर प्राचार्य अंजना ठाकुर, प्रो. एनके लहरे, श्री चौधरी, श्री कुर्रे, ओमप्रकाश सहारे, सरोजनी, हेमशंकर, हनी, चौरंगे, काव्या, शुभि जैन, चांदनी, राजपूत, हिमानी, हीना आदि बड़ी संख्या में मौजूद थे।

### नेहरू को किया नमन

जेवरतला रोड। प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला चेन्दरीबन नवागाँव में बाल मेला का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम ग्रामवासियों की उपस्थिति में बाजे-गाजे के साथ भ्रमण किया गया। तत्पश्चात प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू के चित्र के समक्ष अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर माल्यार्पण किया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस मौके पर बच्चों ने विभिन्न व्यंजनों का स्टॉल लगाए। बाल मेला में सम्मिलित होकर ग्रामीणों ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर में कोमलचंद आर्य, चंद्रभूषण साहू, गोमती पटेल, अश्वनी देवांगन, सन्नी देवांगन, नीलम साहू, चैतन्य देवांगन, चमेली देवांगन, मोनिका ठाकुर, कविता ठाकुर, टीकम निषाद, ओमप्रकाश विश्वकर्मा, धनसिंह वासनिक, अंकालू पटेल, श्रवण साहू, टिकाईत रावटे, रैनू साहू, नरेंद्र शांडिल्य, तेजराम साहू, ढालसिंह हिरवानी, कृष्णा ठाकुर, भूपेंद्र साहू, चमेली साहू, रीना साहू, मुंगेश्वरी साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

### स्टॉल में उमड़े पालक

**डोंगरगांव।** बीपीएस इंग्लिश मीडियम स्कूल में बाल दिवस के मौके पर वृहद बाल मेला का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों ने नाना प्रकार के व्यजंनों के स्टॉल लगाए। पालकों, नगरवासियों ने व्यजंनों का जमकर लुत्फ उठाया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के चेयरपर्सन गिरिश कुमार सोनी ने मां सरस्वती की पूजन अर्चन कर किया। उन्होंने प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू जिसे बच्चे चाचा नेहरू कहते हैं के बारे में विस्तार से बताया। बाल मेला में बच्चों ने दही बड़ा, चॉट, गुपचुप, गुलाब जामुन, केन्डी, कोल्ड ड्रिंक, पॉपकार्न, मोमोस, सैंडविच आदि के स्टॉल लगाए। बीच बीच में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस मौके पर बिरेन्द्र राजपूत, नीलेश श्रीवास्तव, धन्नी साहू, नीतू रत्नाकर, कीर्ति सागर, हारिका पटेल, लक्ष्मी शर्मा, शिवराज शांडिल्य, माधुरी साहू, सुमन साहू, ऐश्वर्या ध्रुव, उषा साहू, तेज साहू, पिंकी देवांगन, नीरज साहू, महिमा देवांगन, पल्लवी यदु, रेशमी साहू, तामेश्वर साहू, उमेश यादव, शिव यादव, धनंजय नायक, परमेश्वरी कंवर, रितिका धावड़े, ज्योति, प्रियंका पटेल, चंद्रप्रभा, प्रीति साहू आदि मौजूद थे।

### नीरज पब्लिक स्कूल

इसी प्रकार नीरज विद्या मंदिर मोहड़ में बाल मेला एवं विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर पुष्पा बाजपेयी एवं प्राचार्य अंजुम जहान की उपस्थिति में बाल मेले का शुभारंभ हुआ। श्रीमती बाजपेयी ने बच्चों के प्रयास की भरपूर सराहना काते हुए कहा कि बच्चे ही श्रेष्ठ नागरिक बनकर देश को प्रगति के पथ पर ले जाते हैं। प्राचार्या सुश्री जहान ने बच्चों को राष्ट्र की आत्मा बताते हुए उन्हें संरक्षण देने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रशासक जी राम सिन्हा उपस्थित थे। मेले में बच्चों ने गुपचुप, चाट, ढोकला, सैंडविच, पुलाव, केक, दोसा आदि के स्टाल लगाए। स्पेस सेंटर आकर्षण का केन्द्र रहा। पालकों के लिए गीत-संगीत की व्यवस्था की गई थी। विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने प्रदूषण, रेनहार्वेस्टिंग, ग्लोबल वार्मिंग आदि विषयों पर मॉडल प्रदर्शित किए। संचालन व्याख्याता डॉ. लोकेश शर्मा व चंदन द्विवेदी ने किया।

Health Town

श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट ▸ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) ▸ स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
9659 455 455
130+ CENTRES PAN INDIA
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH
TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं: मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### नामदेव जयंती समारोह दिसंबर में

**गंडई पंडरिया।** संत शिरोमणी नामदेव महाराज की 754 वी जयंती मनाने के लिए श्रीराम मंदिर पंडरिया में बैठक आयोजित किया गया। बैठक में नामदेव समाज ने विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हुए नामदेव जयंती मनाने के लिए आगामी 2 दिसम्बर की तिथि तय किया। इस दौरान नामदेव समाज युवा इकाई के अध्यक्ष अजय नामदेव ने जयंती मनाने एवं अन्य विभिन्न विषयों पर अपना विचार रखा। पूर्व युवा अध्यक्ष देवनरायण नामदेव ने पूर्व में हुए जयंती समारोह पर प्रकाश डालते रूपरेखा तय करने की बात कहा। जयंती समारोह के तहत नामदेव मंच वार्ड 2 में सत्यनारायण पूजा अश्वनी नामदेव द्वारा किया जाएगा। दोपहर 3 बजे भजनों के साथ रैली निकलेगी। शाम 6 बजे समाज के बच्चे, महिलाओं के लिए प्रतियोगिता का आयोजन होगा। विजेताओं को प्रवीण नामदेव द्वारा अपने पिता स्व नारायण नामदेव की स्मृति में पुरस्कृत किया जाएगा। समाज के वरिष्ठजनों का सम्मान श्रीफल से प्रशांत नामदेव के सहयोग से किया जाएगा। शाल की व्यवस्था मनोज नामदेव द्वारा किया जाएगा। जयंती कार्यक्रम में डॉ पीसीलाल यादव का सम्मान किया जाएगा। बैठक में नरेश प्रमोद सुनील विवेक मनोज ओमकार दीनू आयुष संतोष पवन, मलय, विक्की, मनोज, तामेश्वर, शिवेंद्र, ज्ञानेंद्र, देवेंद्र, आशीष, विनोद नामदेव सहित अन्य उपस्थित थे।

### निर्माण काम की गुणवत्ता पर रहेगी नजर, शासन को होगा फायदा

# काम हासिल करने की प्रतिस्पर्धा और प्रभुत्व का दिखावा, बिलो रेट पर काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

शहर विकास के लिए पंद्रहवें वित्त से स्वीकृत राशि की निविदा आखिरकार तीन महीने से जारी विवाद और न्यायालयीन हस्तक्षेप के बाद सोमवार को नगर पालिका में खुला, लेकिन निविदा ओपन होने के बाद मिली जानकारी अनुसार नगर पालिका के इतिहास में पहली दफे ऐसा हुआ है कि 2 करोड़ 39 लाख रुपये वाले सारे 57 काम पंद्रह से बीस प्रतिशत के बीच बिलो रेट में गया इससे शासन को ही फायदा होगा।

गौरतलब है कि कल निविदा खुलने के बाद 57 में से 33 कार्य तरुण सिंह को और निविदा फार्म नही मिलने पर हाईकोर्ट के आदेश से निविदा प्रक्रिया में भाग लेने वाले अथर्व एसोसिएट को 5 और हक इंटरप्राइजेज को 1 काम मिला है। 57 कामों की सूची में कुल 33 काम ठेकेदार तरुण सिंह के खाते में आया है जबकि दूसरे स्थान पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष ठेकेदार आयश सिंह बोनी के सिंह एसोसिएट को 11 काम मिला है। नपा अध्यक्ष गिरजा चंद्राकर के भतीजे ठेकेदार अमित चंद्राकर के चंद्राकर एसोसिएट को 4 काम, ठेकेदार प्रकाश सिंह ठाकुर को 2 और पांडादाह मंडल महामंत्री ठेकेदार गोरेलाल वर्मा को 1 काम मिला है।

#### दो बार हुई निविदा प्रक्रिया

सोमवार को निविदा ओपन होने के बाद मिली जानकारी अनुसार यह पहली दफे हुआ है कि निविदा आवेदन देने में आनाकानी के चलते दो ठेकेदारों ने हाईकोर्ट से न्याय मांगा जहॉ कोर्ट के आदेश पर 4 सितंबर को आवेदन दिया गया और 12 सितंबर को फॉर्म खोला गया तो अथर्व एसोसिएट को 37 कार्य और हक इंटरप्राइजेस को 20 काम मिला था, जो अधिकतम 2 प्रतिशत बिलो दर पर था जिसे बाद मे पीआईसी की बैठक बुलाकर निरस्त कर दिया गया था। 31 जुलाई की पहली के बाद दूसरी टेंडर प्रक्रिया में उलझे काम की शुरुआत अब होगी। पहली प्रक्रिया में ज्यादातर निर्माण एजेंसियों ने अधिकतम 17 से 20 प्रतिशत ऐबव के साथ आवेदन जमा किया था जिसे फॉर्म न मिलने की शिकायत पर हाईकोर्ट ने नपा प्रशासन को कड़ी फटकार लगाते हुए फॉर्म देने निर्देश दिया जिसके बाद दोनो को 4 सितंबर को फॉर्म दिया गया। 12 सितंबर को फिर से निविदा खोला गया जिसमें सारा काम दो प्रतिशत बिलो होने के कारण अथर्व एसोसिएट और हक इंटरप्राइजेस को मिल गया था, लेकिन 30 सितंबर को पीआईसी की बैठक में इन दोनों फर्म के काम को बिना ठोस कारण बताए निरस्त कर पुनः निविदा जारी कर प्रक्रिया शुरू की गई।

#### नपा का निकलेगा पसीना

निविदा खुलने के बाद प्रतिक्रिया देते हुए सीएमओ प्रमोद शुक्ला ने कहा कि बिलो दर पर काम जाना शासन के लिए लाभप्रद है। गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी और कार्यों की सतत मॉनिटरिंग टेक्निकल टीम करेगी, लेकिन अब सवाल यह उठता है कि सालभर पहले तक इन्हीं ठेकेदारों ने एबव दर पर काम लेने के बाद सीसी रोड बनाया है वो उखड़ गया है। नाली धंस गई है और दीवार की दरार आर पार झांकने मजबूर कर रही है इस स्थिति में बिलो दर पर काम लेने वाले ठेकेदारों से निर्धारित समयावधि मे गुणवत्तापूर्ण काम करना चुनौती भरा साबित होगा क्योकि ठेका हासिल करने वाले ज्यादातर निर्माण एजेंसी के ठेकेदार सत्ता पक्ष से जुड़े हुए है और उनसे काम लेने मे नपा का पसीना निकल जाएगा।

#### एबव पर लगेगा विराम, वर्चस्व को मिलेगी चुनौती

पहली निविदा प्रक्रिया के दौरान टेंडर ओपन होने से यह पता चला था कि ज्यादातर काम का फार्म रिंग बनाकर जमा किया गया था जिसमें जिसे काम लेना है या दिलाना है उसके पक्ष मे निविदा शर्तों के अनुसार तीन आवेदन नही होने पर निरस्त की प्रक्रिया से बचने महज दो लोगों ने ही आवेदन जमा किया जिसमे स्वीकृत राशि से बारह से पंद्रह प्रतिशत तक एबव रेट भरा गया था, ताकि काम उसी को मिले जिसे उन्होंने देना तय किया था, लेकिन निविदा फार्म से वंचित दो के कोर्ट जाने से मामला पूरी तरह बिगड़ गया और अब दूसरी बार की प्रक्रिया में लगभग सभी ने बिलो रेट में आवेदन जमा किया है। निविदा राशि में यदि फॉर्म एबव दर पर भरा जाता है तो ठेकेदार को कार्य भरी गई अधिकतम दर से करना होता है जिसका भुगतान किया जाता है। मतलब एक लाख के कार्य के लिए जारी निविदा यदि कोई ठेकेदार स्वीकृत राशि से 10 प्रतिशत एबव में भरता है, तो उसे 1 लाख 10 हजार का भुगतान किया जाता है। वहीं उसी कार्य को कोई ठेकेदार 10 प्रतिशत बिलो दर पर प्राप्त करता है तो उसे 90 हजार का भुगतान प्राप्त होता है। निविदा प्रक्रिया में शासन स्तर पर बिलो दरों को बेहतर माना जाता है इससे शासन की राशि बचती है और ठेकेदार काम हासिल करने आपसी प्रतिस्पर्धा करते है, लेकिन जब एबव दरों पर निविदा भरी जाती है। तो यह माना जाता है कि अधिक लाभ हासिल करने ठेकेदारो ने रिंग बनाकर काम का विभाजन कर लिया हैं। पहली निविदा प्रक्रिया में भी इसी तरह का काम हुआ जब भाजपा पार्षद पतियो के कहने पर ठेकेदारों ने हक और अथर्व को आवेदन नही देने दिया।

# फरवरी में आंदोलन करेंगे चतुर्थ वर्ग कर्मी



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

- 6 सूत्रीय मांग को लेकर किया जाएगा आंदोलन, बैठक में लिया गया निर्णय

छत्तीसगढ़ लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ की कार्यकारिणी की बैठक गत दिनों कोंडागांव में आयोजित किया गया। बैठक में संघ की विभिन्न मांगों और सरकार के रूख पर विस्तार से चर्चा किया गया। संघ ने छह सूत्रीय मांग को लेकर फरवरी में आंदोलन करने का निर्णय लिया है।

संघ के प्रांतीय महामंत्री योगेश चौरे ने बताया कि संघ की 6 सूत्रीय मांग लंबे समय से लंबित है जिसमें 31 दिसम्बर 97 से 1 जनवरी 88 तक विभिन्न विभाग में कार्यरत कलेक्टर दर, दैनिक वेतन भोगी कर्मचारीयों को नियमित कार्यभारित आकस्मिक निधि स्थापना के रिक्त पदों पर समायोजित करने, कलेक्टर दर एवं 4000 श्रम सम्मान निधि को मिलाकर मूल वेतन घोषित करते हुए 50 महंगाई भत्ता जोड़ा नियमित वेतन देने, सेवा शर्त बनाने, ग्रेड वेतन 1800, 1900, 2200 एवं 2400 करने, कार्यभारित कर्मचारियों का समान वेतनमान में संविलियन करने, तृतीय श्रेणी संवर्ग मे पदोन्नति करने 50 प्रतिशत प्रावधानित करने, आश्रम छात्रावास के कर्मचारियों को टी संवर्ग के शैक्षणिक संस्थाओ में संविलियन करते हुए सहायक ग्रेड 03 के पद पर पदोन्नत करने आदि शामिल है। उन्होंने बताया कि शासन ने संघ की मांग पर अब तक कोई निर्णय नहीं लिया है। उन्होंने बताया कि प्रांतीय बैठक में 6 सूत्रीय मांगो पर चर्चा बाद फरवरी में अनिश्चित कालीन हड़ताल करने का निर्णय लिया गया है।

# नपा के प्लेसमेंट कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू

**खैरागढ़।** निकाय से सीधे वेतन भुगतान सहित अन्य मांगो को लेकर प्रांतीय आव्हान पर नगर पालिका मे कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारी बुधवार से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर काबिज होंगे।

संघ के निकायाध्यक्ष अंकुर सिंह, नवीन आशीष तिवारी, सुरेश महोबे, लोकेश साहू, संजय यादव, हेमंत साहू, बलराम यादव, अभिषेक यादव, अमन कुलदीप, शिवकुमार यादव, जितेंद्र वर्मा, पवन यदु सहित अन्य ने इसकी जानकारी और अनुमति संबंधी पत्र सीएमओ प्रमोद शुक्ला और अध्यक्ष गिरजा चंद्राकर को लिखित मे देते हुए कहा कि छग नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ प्रदेश के 184 नगरीय निकायों में बीते 15-20 सालो से कार्यरत लगभग 20 हजार प्लेसमेंट/आउटसोर्सिंग/ठेका कर्मचारियो का प्रदेश स्तर का संगठन है।

संगठन के समस्त कर्मचारी निकायों में तृतीय व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के समकक्ष कार्यों का निर्वहन करते है और अपने कर्मचारियों के हितो को लेकर सालो से संघर्षरत है। नगरीय निकायों में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों को शासन के अन्य विभाग जल संसाधन, लोनिवि और वन विभाग आदि की तर्ज पर निकायों से सीधे वेतन का भुगतान करने समय समय पर धरना-प्रदर्शन कर अपनी मांगो से शासन को अवगत करते आ रहा है। जिसमें 184 निकायों में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों को निकायों से सीधे वेतन भुगतान श्रम सम्मान राशि चार हजार सहित करने से शासन को किसी भी प्रकार अतिरिक्त व्यय का वहन नहीं करना पड़ेगा। शासन द्वारा मांगो को गंभीरता से नहीं लेने के कारण महासंघ ने निर्णय लिया है कि नगरीय निकायों के समस्त प्लेसमेंट कर्मचारी कार्यालयीन और लोक सेवा कार्य बंद कर अनिश्चित कालीन हड़ताल पर रहेंगे। प्लेसमेंट कर्मचारियो के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने से आने वाले कुछ दिनो तक नपा क्षेत्र के रहवासियो को पानी, सडक़ बिजली, साफ सफाई जैसी मूलभुत समस्याओ से जूझना पड़ेगा वही कार्यालयीन काम काज जिसमे राजस्व की वसूली महत्वपूर्ण है पूरी तरह से बाधित होगी।

# विद्यार्थियों ने किया भ्रमण



**राजनांदगांव।** गायत्री विद्यापीठ के विद्यार्थियों ने पेंड्री नर्सरी का भ्रमण किया। जिसमें कक्षा 6वीं के लगभग 100 बच्चों का दल एवं शिक्षकवृंद द्वारा इसका अवलोकन किया गया। प्राचार्य शैलजा नायर के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक इसमें भाग लिया। नर्सरी के संचालक एवं कर्मियों का इसमें पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ। बच्चों ने विभिन्न प्रकार के पौधों, पुष्पों के बारे में जाना। साथ ही मौसमी फलों एवं सब्जियों के बारे में जानकारी प्राप्त कर प्रसन्नता व्यक्त की। बच्चों ने पौधों के अंकुरण की पद्धति को भी विस्तार से जाना व समझा। साथ ही विभिन्न प्रकार के पौधों व फलों के बीज का वैज्ञानिक पद्धति से किस प्रकार संवर्धन किया जाता है, यह भी देखा। इस अवसर पर बृजकिशोर सुरजन, संध्यादेवी सिंघल, राजेश जैन, गगन लड्ढा, निकुंज सिंघल, सूर्यकान्त चितलांग्या, नंदकिशोर सुरजन, सुषमा सुरजन, हरीश गांधी, रूपाली गांधी, अमित उत्तलवार, शैलजा नायर, रश्मि ठाकुर, अनिल वाजपेयी, तरणजीत सिंह टूटेजा एवं शिक्षकों ने शुभकामनाएं दी।

# आई फाउंडेशन का सुलता समागम

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

आई फाउंडेशन ने सुर, लय और ताल से ओत-प्रोत सुलता समागम कार्यक्रम का सफल आयोजन रासांगन में किया गया।

कार्यक्रम की प्रथम प्रस्तुति मे प्रकाश बंधुओं किशन प्रकाश व ऋषभ प्रकाश ने शास्त्रीय गायन प्रस्तुत किया जिसमे उन्होंने राग मालकौंस में बड़े और छोटे ख्याल के अपने शानदार गायन से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम संयोजक मुकंद नारायण भाले के शिष्य दीपक दास महंत ने तबले पर और हारमोनियम मे ऋषभ मिस्त्री ने सुन्दर व संतुलित संगत दिया। द्वितीय प्रस्तुति के रूप में युवा तबला वादक यशवंत वैष्णव ने एकल तबला वादन प्रस्तुत किया। बाल्यकाल से ही मुकुन्द नारायण भाले के संरक्षण व सानिध्य में तबले की शास्त्र शुद्ध शिक्षा प्राप्त करने के बाद वर्तमान में मुंबई में पं. योगेश सम्सी के मार्गदर्शन में शिक्षा ले रहे है।

यशवंत ने तबले में उठान, पेशकार, कायदे-पल्टे, बंदिशों को बखूबी प्रस्तुत किया। कल्पतरू ठाकरे ने हारमोनियम पर संगत दी। इस दौरान रामनाथ सिंह ठाकुर, सुरेश भट्ट, प्रो डॉ नमन दत्त, डॉ बिहारी लाल तारम, डॉ शिवनारायण मोरे, प्रो डॉ लिकेश्वर वर्मा, दीपेश सोनी, आशुतोष सोनी, स्वरजित भटनागर, डिलेन्द्र चौधरी सहित बड़ी संख्या मे संगीत प्रेमी श्रोता मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन रामकृष्ण पटेल ने किया।

#### घर में बनाया रासांगन

इंदिरा कला संगीत विवि में कार्यरत सहायक प्राध्यापक डॉ प्रभाकर कश्यप ने घर के आंगन को ही रायसांगन को नाम दिया है जहॉ लगातार संगीत कला को समर्पित लोगों की बैठक होती है। कार्यक्रम की प्रस्तुति होती है। इस दफे संगीत विवि के गायन विभाग मे पदस्थ सुनीता भाले की याद में आई फाउंडेशन द्वारा रासांगन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। फाउंडेशन की स्थापना 2017 में स्वर्गीय सुनीता भाले आई के मरणोपरांत की गई लेकिन कोविड के चलते कार्यक्रमों की श्रृंखला बाधित हो गई थी। जिसे इस कार्यक्रम की मदद से पुनः जीवित करने का प्रयास किया गया। समापन में मुकुन्द नारायण भाले ने सभी आमंत्रित कलाकारों प्रशंसा कर शुभकामना दी। उन्होंने यशवंत वैष्णव के अद्भुत तबला वादन को ईश्वरीय वरदान और प्रकाश बंधुओं की गायकी में उनके गुरु और दादा गुरु की छवि दिखना बताया।

# पहचान और जीवन के लिए आर्थिक मजबूती जरूरी : साहू



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

ब्लाक के गहिरा टोला मे आयोजित दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का समापन व पुरस्कार वितरण जिपं सभापति विप्लव साहू के मुख्य आतिथ्य मे हुआ। इस दौरान खेल का आनंद ले रहे लोगों से कहा कि खेल का आयोजन मनोरंजन और स्वास्थ्य के साथ मेल मिलाप और व्यक्तित्व विकास का बड़ा माध्यम रहता है। खेल के अलावा मनोरंजन भी जरूरी है लेकिन सामाजिक पहचान और जीवन यापन के लिए आर्थिक रूप से मजबूती और मजबूत कैरियर का होना जरूरी है क्योंकि इसी से समाज और संसार में मनुष्य का सम्मान होता है। आलस्यता, मदहोशी को सबसे बड़ा दुश्मन बताते हुए जिपं सभापति विप्लव साहू ने कहा कि अपना काम सही तरीके से करना ही राष्ट्र प्रेम और राष्ट्र सेवा है। इस दौरान बैहाटोला सरपंच राधेलाल उइके, जनपद सदस्य प्रतिनिधि मोहन वर्मा, डॉ मनोज जंघेल, अनिल साहू, डॉ भोला साहू, नीलेश यादव सहित बड़ी संख्या मे खेल प्रेमी ग्रामीण मौजूद थे। स्पर्धा संयोजक टेकराम वर्मा ने आभार व्यक्त किया।

# हरप्रसाद बने सहकारी समिति अध्यक्ष जिले के समिति अध्यक्षों की सूची जारी

- सहायक आयुक्त ने जारी किया आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

किसानों को बेहतर सुविधा प्रदान करने और समिति के कामों में तेजी लाने सहकारिता विभाग के सहायक आयुक्त ने जिले के सभी 38 वृहताकार सेवा समिति मे नियम 43 ख व 44 अनुसार पात्र पाए जाने पर प्राधिकृत के रूप में नियुक्त किया है जिसमें खैरागढ़ जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अंतर्गत आने वाले अमलीपारा में कृष्णा वर्मा, गाड़ाडीह में केशव वर्मा, आमदनी में निमेश सिंह गहरवार, बैहाटोला में उमेंद उइके, बढ़ईटोला में लाल राजेंद्र सिंह, टोला गांव में नारायण साहू, डोकरा भाठा में रामकुमार जोशी, सलोनी में कोमल वर्मा, कामठा में राजकुमार वर्मा, जालबांधा में फिरनलाल वर्मा, और मड़ौदा समिति में जितेंद्र वर्मा को प्राधिकृत नियुक्त किया है। इसी तरह मुढ़ीपार बैंक अंतर्गत आने वाले भंडारपुर में उमाशंकर वर्मा, ईटार में कमलेश्वर सिंह, पांडादाह में पंकज सिंह ठाकुर और मुढ़ीपार समिति में नरोत्तम सिंहा को प्राधिकृत बनाया गया है। बाजार अतरिया बैंक तहत रगरा समिति में लालाराम वर्मा, उदयपुर में पूरन जंघेल, भोरमपुर कला में नरेश कुर्रे और बाजार अतरिया समिति में हरप्रसाद वर्मा को प्राधिकृत नियुक्त किया गया है। इसके अलावा छुईखदान, गंडई और साल्हेवारा स्थित जिला सहकारी बैंक अंतर्गत आने वाले सभी वृहताकार समितियों के लिए प्राधिकृत की नियुक्ति की गई है।

#### करीबी बने प्राधिकृत

समितियों में प्राधिकृत नियुक्ति को लेकर जारी सूची का अवलोकन करने से साफ पता चलता है कि इन नियुक्तियों में जिला भाजपाध्यक्ष घम्मन साहू और प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विक्रांत सिंह के करीबियों को ज्यादा अवसर मिला है। पहले से संगठन में पद संभाल रहे भाजपा नेता नियुक्ति बाद विष्णुदेव साय के सुशासन के वादे का पूरा करने समिति परिसर में सक्रिय होंगे। जानकारी अनुसार बाजार अतरिया प्राधिकृत हरप्रसाद वर्मा वर्तमान में पिव मोर्चा के जिलाध्यक्ष है। मुढ़ीपार प्राधिकृत नरोत्तम सिंहा पांडादाह मंडल अध्यक्ष और ईटार प्राधिकृत कमलेश्वर सिंह पांडादाह मंडल प्रभारी है। डोकरा भाठा प्राधिकृत रामकुमार जोशी पूर्व ग्रामीण मंडल अध्यक्ष है। कृष्णा वर्मा पूर्व पार्षद और समिति के पूर्व अध्यक्ष रह चुके है। आमदनी के निमेश सिंह गहरवार, बढ़ईटोला के लाल राजेंद्र सिंह, चेतन वर्मा, कोमल वर्मा, जितेंद्र वर्मा जैसे तमाम नाम संगठन पदाधिकारी या फिर करीबी है।

### संविधान महोत्सव आज से

**राजनांदगांव।** राजनांदगांव शहर के स्टेट हाईस्कूल मैदान में कल 20 से 26 नवंबर तक संविधान महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन को लेकर आयोजनकर्ताओं द्वारा प्रेस कान्फ्रेंस के माध्यम से जानकारी दी गई। आयोजनकर्ताओं ने बताया कि राजनांदगांव में पहली बार संविधान महोत्सव का 7 दिवसीय आयोजन किया जा रहा है। जिसमें राष्ट्रग्रंथ भारतीय संविधान कथा, प्रशिक्षण, मेला एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। स्टेट स्कूल मैदान में संध्या 5 से रात्रि 10 बजे तक आयोजन होगा।


पाठक सूचना

राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319268069, 9425565082


**न्यायालय नायब तहसीलदार तुमड़ीबोड़**
**मामले की श्रेणीः राजस्व**

संदर्भ :- जिला- राजनांदगाँव तहसील-डोंगरगांव प.ह.न.-00004 तुमड़ीबोड़ ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-CT202425420603300002

**// ईश्तहार //**

तहसील डोंगरगांव के प.ह.न. 00004 के अंतर्गत ग्राम तुमड़ीबोड़ के वर्तमान भूमिस्वामी शमीम बेगम पिता/पति-मोहम्मद शरीफ पता-देह सलमा बेगम पिता/पति-मोहम्मद शरीफ पता-देह, सितारा बेगम पिता/पति-मोहम्मद शरीफ पता-देह, ताहिरा बेगम पिता/पति-मोहम्मद शरीफ पता-देह, बेगम बी पिता/पति-मोहम्मद शरीफ पता-देह, शहनाज बेगम पिता/पति-मोहम्मद शरीफ पता-देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 602/3 (0.4330), 557/4 (0.0530), 557/6 (0.1130), 561/3 (0.1820), 20/11 (0.1620), 589 (0.3280) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता अलवीरा कौशर पिता/पति- स्व.अब्दुल लतीफ पता-फरीद नगर निजामी चौक वार्ड नंबर 8 सुपेला भिलाई , दुर्ग छ.ग. पिन 490023 के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 25/11/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार तुमड़ीबोड़ पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 11/11/2024 को जारी किया जाता है।

(मुहर)

नायब तहसीलदार
ABDUL VASHIM SIDDIQUI
तहसील-डोंगरगांव






# राष्ट्रीय संगोष्ठी में आमंत्रित हुए प्रो डॉ राजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

महासमुंद के महाप्रभु वल्लभाचार्य कॉलेज में संस्कृति के उन्नयक श्रीराम विषय पर आयोजित राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी मे प्रो डॉ राजन यादव विषय विशेषज्ञ के रूप में शामिल हुए।

इन्दिरा कला संगीत विवि के हिंदी विभागाध्यक्ष व दृश्यकला संकाय अधिष्ठाता प्रो डॉ राजन यादव ने संस्कृति के उन्नायक श्रीराम-विविध आयामों के परिप्रेक्ष्य में विषय पर आयोजित संगोष्ठी में छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति में श्री राम विषय पर विशेष व्याख्यान देते हुए कहा कि भारतीय जीवन के अनंत श्रोतो का मूल उद्गम लोक संस्कृति है।

छत्तीसगढ़ की मौलिक पहचान एक सांस्कृतिक जनपद की रही है, यहां की लोक संस्कृति में श्री राम और उनकी कथा कहीं मुखड़ा तो कहीं अंतरा, कहीं सूत्र तो कहीं विस्तार में चलती है। जन्म से लेकर मृत्यु तक श्रीराम यहा की लोक संस्कृति में धागे में मणि की तरह गूंथे हुए है।

कार्यक्रम मे प्रो डॉ राजन यादव का सम्मान प्राचार्य प्रो अनुसुइया अग्रवाल, विभागाध्यक्ष डॉ सीमारानी प्रधान ने शॉन



श्रीफल भेंटकर किया। शोध संगोष्ठी में रानी रश्मि देवी शासकीय कालेज खैरागढ़ के अतिथि प्राध्यापक डॉ उमेन्द चंदेल और डॉ पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी उमा शाला की शिक्षिका डॉ सविता यादव ने शोध पत्र प्रस्तुत किया।

# 984 क्विंटल धान बरामद

**गंडई पंडरिया।** धान की सरकारी खरीदी शुरू होने के बाद प्रशासनिक टीम धान के अवैध भंडारण और परिवहन नजर जमाए



हुए है। मंडी अधिनियम की अवहेलना करने पर कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में राजस्व, खाद्य एवं सहकारिता विभाग की टीम ने मुंडाटोला स्थित यदु ट्रेडर्स में छापा मारकर 984 क्विंटल धान जप्त किया है। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा के निर्देशानुसार राजस्व, खाद्य एवं सहकारिता विभाग की टीम धान के अवैध भंडारण और परिवहन पर कार्रवाई कर रही है। सोमवार को जांच दल ने मुंडाटोला यदु ट्रेडर्स में दबिश देकर 984 क्विंटल धान जप्त किया। मंडी अधिनियम के तहत धान जप्त कर प्रकरण तैयार किया गया।




## सार समाचार

### महामंडलेश्वर का सत्संग 21 को



**राजनांदगांव।** श्री आनंद कृष्ण धाम के परमाध्यक्ष श्रीश्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी आनंद चैतन्य सरस्वती का नगर आगमन 21 नवंबर को होने जा रहा है। आगामी जनवरी 2025 में प्रयागराज में संपन्न होने वाले महाकुंभ के लिए अपने शिष्यों एवं भक्तों को निमंत्रण देने पूज्य स्वामी महाराज का आगमन हो रहा है। पूज्य स्वामी स्थानीय कृषि उपज मंडी के सामने स्थित श्री श्याम सुंदर लोहिया के निवास में विराजेंगे।

श्री गुरुदेव भक्त मंडल के अशोक लोहिया, कल्याण साहू, लक्ष्मण लोहिया, बाबूलाल अग्रवाल, हितेश शर्मा, राकेश लोहिया के अनुसार महामंडलेश्वर स्वामी आनंद चैतन्य सरस्वती का सत्संग 21 नवंबर को दोपहर 3.30 बजे श्री सत्यनारायण धर्मशाला में आयोजित किया गया है। वे यहां गुरुदेव भक्त मंडल के दीपावली मिलन समारोह के साथ ही महाकुंभ प्रयागराज के संदर्भ में शिष्यों एवं भक्तों को अवगत कराते महाकुंभ के अवसर पर प्रयागराज पहुंचकर शाही स्नान में शामिल होने का निमंत्रण देंगे। गुरुदेव भक्त मंडल की नीता लोहिया, संगीता जोशी, भारती साहू, मणी अग्रवाल ने संस्कारधानी के गुरु भाइयों एवं गुरु बहनों से आग्रह किया है कि सत्संग एवं दीपावली मिलन कार्यक्रम में उपस्थित होकर पूज्य गुरुदेव भगवान का आशीर्वाद प्राप्त करें।

### विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण



**राजनांदगांव।** गायत्री विद्यापीठ के कक्षा 8वीं के लगभग 100 बच्चों का दल एवं शिक्षकों ने मिल का अवलोकन किया, जहां उन्होंने राइस मिल के संचालक एवं उनके सहयोगियों के मार्गदर्शन में राइस मिल की गतिविधियों को बारीकी से देखा। इसमें शिक्षिका दिव्या राठौर, वर्षा शर्मा, जयप्रकाश साहू, याददास साहू एवं प्रीति साव शामिल थे। इस अवसर पर गायत्री शिक्षण समिति अध्यक्ष बृजकिशोर सुरजन, उपाध्यक्ष संध्यादेवी सिंघल, राजेश जैन, सचिव गगन लड्ढा, सहसचिव निकुंज सिंघल, कोषाध्यक्ष सूर्यकान्त चितलांग्या, संरक्षक नंदकिशोर सुरजन, सुषमा सुरजन, सांस्कृतिक प्रभारी हरीश गांधी, रूपाली गांधी, एकेडमिक डायरेक्टर अमित उत्तलवार, प्राचार्य शैलजा नायर, उप प्राचार्य रश्मि ठाकुर, प्रशासक अनिल वाजपेयी, स्कूल मैनेजर तरणजीत सिंह टूटेजा एवं शिक्षकों ने शुभकामनाएं दी।

### कार्तिक पूर्णिमा पर महाबोधि कोटि में हुई पूजा

**राजनांदगांव।** कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर महाबोधि कोटि में महाबोधि पूजा का आयोजन किया गया। समाज के वरिष्ठ उपासकों, डॉ. केएल टाडेकर, कन्हैयालाल खोबरागड़े, माणिकचंद घोड़ेसवर के आतिथ्य में महापूजा शुरू हुई।
संघ के सदस्य प्रवीण नोन्हारे, गणेश रामटेके, नरेश घोड़ेसवार, अनामिका लेंझारे, सुनीता शेंडे ने भगवान बुद्ध की प्रतिमा को चीवर अर्पण किया। उपासक व्हीएस शेंडे ने बुद्ध वंदना कराई। महाबोधि धम्म संघ द्वारा हर साल कार्तिक पूर्णिमा पर महाबोधि पूजा का आयोजन किया जाता है। यह जानकारी समाज के प्रवक्ता विनोद श्रीरंगे ने दी।

### बाल भारती स्कूल में बाल मेला



**राजनांदगांव।** बाल भारती पब्लिक स्कूल बल्देवबाग में हर साल की तरह 14 नवंबर को पं. जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिवस के रूप में 17 नवंबर को बाल मेला का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन व मनोरंजन के लिए अनेक कार्यकम आयोजित किया गया। बाल मेला का आयोजन व सजावट पंजाबी थीम पर आधरित था। इस अवसर पर सिक्ख गुरुओं द्वारा विशेष प्रार्थना (अरदास) की गई। कार्यकम का शुभारंभ ढोल के धुन पर पंजाबी नृत्य द्वारा किया गया। बाल मेले में विद्यार्थियों द्वारा लगाए गए स्टॉलों में विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का लुत्फ पालकों व विद्यार्थियों द्वारा लिया गया। इस अवसर पर प्राचार्य श्रद्धा पांडे रेड्डी द्वारा पं. जवाहरलाल नेहरू के जीवन पर विचार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर शाला समिति के सचिव तथागत पांडे, डायरेक्टर नरसिम्हा रेड्डी, रितिका पांडे तिवारी व शाला स्टॉफ एवं बड़ी संख्या में पालकगण व विद्यार्थी उपस्थित थे।

## निधन



### अमित निषाद

**राजनांदगांव।** सुरगी निवासी व खैरागढ़ जिले में फार्मासिस्ट के पद पर पदस्थ अमित निषाद (पप्पू निषाद) 32 वर्ष 18 नवंबर को सुबह ड्यूटी जाने तैयारी के दौरान छुईखदान निवास स्थान पर अचानक सीने में दर्द होने से (हार्टअटैक) से स्वर्गवास हो गया। समाज के जिला मीडिया प्रभारी चैनकुमार निषाद सोनवानी ने बताया कि उनका अंतिम संस्कार सुरगी मुक्तिधाम में किया गया। वह अपने पीछे माता-पिता समेत भरापूरा परिवार छोड़ गए।



### लतमार जंघेल

**सड़क अतरिया।** खैरागढ़ के पूर्व विधायक गिरवर जंघेल के पिता लतमार जंघेल 113 वर्ष का स्वर्गवास 19 नवंबर को शाम 5 बजे निज निवास ग्राम ओटेबंद में हुआ। उनकी अंत्येष्टि कल 20 नवंबर को सुबह 10 बजे रखा गया है।

# प्रबंधकों को पत्र लिखकर करना होगा अनुरोध तभी समिति के प्राधिकृत अधिकारी बन पाएंगे भाजपा नेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेश और देश में भाजपा की सरकार बनाने के लिए पसीना बहाने वाले जमीनी स्तर के भाजपा नेताओं को अब अपने गांव की ही सोसायटी में प्राधिकृत अधिकारी बनने के लिए लालफीताशाही का सामना करना पड़ेगा। पंजीयक द्वारा जारी किए गए आदेश के अनुसार इन नेताओं को समिति प्रबंधकों को बकायदा पत्र लिखकर इस पद पर आसीन होने के लिए आग्रह और निवेदन करना होगा। प्रबंधकों सहित पूरी समिति की मानिटरिंग करने वाले प्राधिकृत अधिकारियों की नियुक्ति के लिए जारी किए गए इस आदेश से भाजपा संगठन में खलबली मची हुई है। नेताओं ने इस आशय की शिकायत राज्य शासन से भी कर दी है।

उल्लेखनीय है कि जिले की सोसायटियों में प्रधिकृत अधिकारियो की नियुक्ति होती रही है। सालभर पहले सत्ता परिवर्तन के बाद इस पद पर आसीन होने के लिए कवायद करने वाले नेताओं को इस आदेश के बाद जोरदार झटका लगा है। ज्ञात हो कि समिति प्रबंधक सहित पूरी समिति पर मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी प्रधिकृत अधिकारी की होती है। इस पद को समिति प्रबंधक के पद से उपर माना जाता है। ऐसे में समिति प्रबधंकों से अनुशंसा के आदेश से हड़कंप मचा हुआ है।

## डीआर के आदेश : प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त होने वाला व्यक्ति रखता हो पात्रता

### धान खरीदी की करते हैं मॉनिटरिंग

सरकारी धान खरीदी की प्रक्रिया समितियों के जरिये होती है। करोड़ों रुपए की धान खरीदी में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी से बचने के लिए सरकार समितियों में प्रधिकृत अधिकारियों की नियुक्ति करती आई है। अमूमन जिस दल की सरकार प्रदेश में होती है, उसके समर्थकों को ही यह पद दिया जाता रहा है। सूत्रों के अनुसार भाजपा से जुड़े पात्र लोगों की भी सूची तैयार की गई है, लेकिन डीआर के इस आदेश के बाद नियुक्ति भी अधर में पड़ गई है।



### इस कारण आदेश जारी

पंजीयक शिल्पा अग्रवाल ने इस विषय को लेकर कहा कि उनके द्वारा यह आदेश इसलिए जारी किया गया है कि यह तय हो पाए कि प्रधिकृत अधिकारी नियुक्त होने वाला व्यक्ति पात्रता रखता हो। बताया गया कि इस पद पर उन्हें ही नियुक्त किया जा सकता है, जो उस समिति का सदस्य हो, उस पर किसी प्रकार का ऋण ना हो। इसके अलावा उसका कोई रिश्तेदार समिति में पदस्थ न हो।

## 68वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता

# छग, हरियाणा, झारखण्ड, उत्तराखण्ड दिल्ली, तमिलनाडु ने अपने मैच जीते

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा संचालित एवं स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित 68वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के दूसरे दिन के मुकाबले में बॉस्केटबॉल बालक 17 वर्ष एवं 14 वर्ष बालिका वर्ग में मेजबान छत्तीसगढ़ ने जीत दर्ज कर अगले राऊण्ड के लिए स्थिति मजबूत की। वहीं झारखण्ड ने पंजाब को हराकर दम दिखाया।

दिग्विजय स्टेडियम के बॉस्केटबॉल कोर्ट में खेली जा रही 68वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के दूसरे दिन 19 नवम्बर को खेले गए बॉस्केटबॉल बालक वर्ग 17 वर्ष में झारखण्ड ने पंजाब को 67-59 अंक से, हरियाणा ने जम्मू-कश्मीर को 52-42 अंक से, उत्तराखण्ड ने विद्याभारती को 44-32 अंक से, सीबीएसई ने गुजरात को 75-35 अंक से, केरल ने आईपीएससी को 27-20 अंक से, मेजबान छत्तीसगढ़ ने उत्तरप्रदेश को 26-14 अंक से पराजित किया। स्पर्धा के तहत 14 वर्ष बालिका वर्ग में राजस्थान ने कर्नाटक को 33-06 अंक से, तमिलनाडु ने मध्यप्रदेश को 41-19 अंक से, केवीएस ने तेलंगाना को 24-20 अंक से, सीबीएसई ने बिहार को 31-03 अंक से और मेजबान छत्तीसगढ़ ने उत्तरप्रदेश को 22-8 अंक से आसानी से हरा दिया। 14 वर्ष बालक वर्ग में तेलंगाना ने केरल को 57-28 अंक से, दिल्ली ने महाराष्ट्र को 47-32 अंक से, हिमाचल प्रदेश ने आईबीएसओ को 33-20 अंक से व हरियाणा ने पश्चिम बंगाल को एकतरफा मुकाबले में 40-13 अंक से हराया।



### आज के मैच

स्पर्धा के तहत 20 नबम्बर को सुबह 6:30 बजे से लगातार दिग्विजय स्टेडियम स्थित इण्डोर व आऊटडोर कोर्ट में खेले जाएंगे।

### कैंची से हमला, आरोपी गिरफ्तार

**खैरागढ़।** पुराने विवाद को लेकर आरोपी ने कैंची से हमला कर युवक को घायल कर दिया। पुलिस ने इस मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार खैरागढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत 19 नवंबर को सिविल अस्पताल से मेमो प्राप्त होने पर जांच दौरान प्रार्थी त्रिभुवन धुर्वे 37 वर्ष निवासी दाउचौरा ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 19 नवंबर को मुकेश श्रीवास ने बच्चे को मारपीट करने की पुरानी बात को लेकर सुबह लगभग 9.45 बजे आमनेर नदी के पास इतवारी बाजार पास गाली देकर हाथ-मुक्का से मारपीट कर जान से मारने की नियत से अपने पास रखे धारदार कैंची से सिर में कई बार प्राणघातक वार कर मारपीट किया है। जान से खत्म करने की धमकी दिया है। मारपीट से सिर में गंभीर चोंट लगा है व शरीर में अन्य जगह चोंटे आई है। रिपोर्ट पर धारा 296, 351(3) ,109 बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

#### कैची जब्त, पुलिस ने की कार्रवाई

इस मामले में पुलिस द्वारा विवेचना कार्रवाई करते आरोपी मुकेश श्रीवास 45 वर्ष निवासी दाउचौरा को हिरासत में लेकर घटना के बारे में पूछताछ किया गया। आरोपी ने बच्चे को मारपीट करने की बात को लेकर त्रिभुवन धुर्वे को अश्लील गाली देकर जान सहित खत्म करने की नियत से लोहे के धारदार कैंची से सिर में कई बार मारकर गंभीर चोंट पहुंचाना अपना जुर्म स्वीकार किया। आरोपी से मेमोरेंडम कथन अनुसार घटना में प्रयुक्त लोहे के धारदार कैंची को जब्त किया गया है। आरोपी मुकेश श्रीवास को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया।

# अघोषित बिजली कटौती को लेकर कांग्रेस ने किया पुतला दहन

**राजनांदगांव।** शहर के कुछ क्षेत्रों में बार-बार बंद होती बिजली व्यवस्था को लेकर अघोषित बिजली कटौती का आरोप लगाते शहर कांग्रेस द्वारा राजनांदगांव विधायक डॉ. रमन सिंह के 4 अलग-अलग पुतलों का दहन किया गया। इस दौरान कांग्रेसजनों ने पुतले के साथ रैली के शक्ल में गांधी चौक पहुंचे और नारे लगाते पुतला दहन किया। अघोषित बिजली कटौती को लेकर बीते दिनों कांग्रेस द्वारा बिजली विभाग के सामने आंदोलन करते कार्यपालन अभियंता को चेताया गया था कि इसके बाद भी बिजली बंद की शिकायत आती है तो शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा विधायक का पुतला दहन किया जाएगा। इसी के तहत आज कांग्रेसियों ने पुतला दहन किया।



#### चंद पुलिसकर्मी ही रहे मौजूद

शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा गांधी चौक में आयोजित इस पुतला दहन के दौरान चंद पुलिस वाले ही मौजूद रहे। कांग्रेसियों ने यहां अलग-अलग दिशाओं से पुतले लाकर जलाया और पुतला दहन के बाद पुलिसकर्मियों ने पानी डालकर बुझाने का प्रयास किया।

#### कांग्रेस ने लगाया आरोप

शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर छाबड़ा ने कहा कि बार-बार अघोषित बिजली कटौती से शहरवासी परेशान व हताश हो चुके हैं। वीआईपी कहे जाने वाले राजनांदगांव शहर में आए दिन बिजली गुल हो रही है। बिजली की अव्यवस्था के चलते विगत दिनों गांधी चौक पर चाकूबाजी जैसी घटना घटी।

#### पुतला दहन का भाजपा ने किया विरोध

कांग्रेस द्वारा डॉ रमन सिंह का पुतला दहन किए जाने को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कोतवाली थाना पहुंचकर कांग्रेसजनों के ऊपर कार्रवाई की मांग की है। भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष तरुण लहरवानी ने कहा कि बीते कुछ दिनों से शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा उलुल-जुलूल बयाबाजी कर रहे हैं। शहर में बिजली कटौती जैसी समस्या नहीं है । वहीं संवैधानिक पद पर आसीन डॉ. रमन सिंह का पुतला दहन कांग्रेसजनों द्वारा किया गया है। उन्होंने कहा कि इस मामले में कोतवाली थाना में ज्ञापन सौंपकर पुतला दहन में शामिल सभी कांग्रेसजनों के ऊपर कार्रवाई की मांग की गई है।

**पुतला दहन संविधान के खिलाफ :** भाजपा द्वारा कोतवाली थाना में कार्रवाई के लिए दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह संवैधानिक पद पर आसीन हैं। संवैधानिक पद पर आसीन व्यक्ति का पुतला दहन करना संविधान के खिलाफ है। अतः पुतला दहन में लिप्त कांग्रेस पार्टी के समस्त कार्यकर्ताओं पर इस कृत्य को गंभीरता से लेते हुए कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए।



# गर्भवती महिलाओं की जांच के लिए अतिरिक्त भवन की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत जामरी की महिलाओं ने आज कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन के माध्यम से गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण और जांच के लिए अतिरिक्त भवन की मांग की है।

कलेक्टर कार्यालय पहुंची ग्राम जामरी की खिलेश्वरी सिन्हा और इंदुबाई सिन्हा का कहना है कि गांव में टीकाकरण के लिए जगह नहीं है। पंचायत भवन में ही टीकाकरण किया जाता है। वहीं यहां गर्भवती महिलाओं की जांच के लिए पृथक से भवन नहीं है। पंचायत में लोगों का आगमन बना रहता है। जिसके चलते गर्भवती महिलाएं असहज महसूस करती है। उन्होंने शासन-प्रशासन से मांग की है कि गर्भवती महिलाओं की जांच एवं टीकाकरण के लिए अतिरिक्त भवन की स्वीकृति दी जाए।

#### शौचालय की मांग

कलेक्टोरेट पहुंची महिलाओं ने यहां संचालित आंगनबाड़ी में शौचालय नहीं होने को लेकर दिक्कतों से अवगत कराया है। महिलाओं ने मांग की है कि आंगनबाड़ी में शौचालय नहीं होने के चलते बच्चों सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं को समस्याएं होती है। उन्होंने आंगनबाड़ी में शौचालय निर्माण किए जाने की मांग भी अपने ज्ञापन के माध्यम से रखी है।

### आब्जर्वर मार्कंडेय ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

**मोहला।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय एवं पंचायत निर्वाचन हेतु निर्वाचक नामावली तैयार करने के संबंध में संशोधित समय-सारिणी जारी किया गया है। जारी संशोधित समय सारिणी के अनुसार दावा-आपत्ति प्राप्त करने की अंतिम तिथि 20 नवंबर कर दिया गया है। दावा-आपत्ति का निराकरण 24 नवंबर को किया जाएगा। आब्जर्वर अपर कलेक्टर सीएल मार्कण्डेय ने जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों में पहुंचकर मतदाता सूची के दावा-आपत्ति की जानकारी ली। उन्होंने सांगली,, कौड़ीकसा, बांधाबाजार, मोहला एवं नगर पंचायत अंबागढ़ चौकी के मतदान केंद्रों में पहुंचकर दावा-आपत्ति प्राप्त करने के संबंध में प्राप्त आवेदनों का परीक्षण किया। उल्लेखनीय है कि पंचायत निर्वाचन हेतु 313 एवं नगर पंचायत निर्वाचन हेतु 144 आवेदन प्राप्त हुए हैं। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन किया जा रहा है।

### स्थाई पार्किंग व प्रसाधन व्यवस्था की मांग



**राजनांदगांव।** पूर्व पार्षद हेमंत ओस्तवाल ने शहर की बढ़ती आबादी को देखते स्थाई पार्किंग और प्रसाधन की व्यवस्था करवाने की मांग प्रशासन से की। श्री ओस्तवाल ने कलेक्टर, एसपी, नगर निगम आयुक्त और उप संचालक नगर निवेश विभाग के अधिकारियों से अनुरोध किया है कि शहर की बढ़ती आबादी को ध्यान में रखते स्थाई रूप से निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत पार्किंग यातायात की व्यवस्था एवं महिला-पुरूषों के लिए प्रसाधन की व्यवस्था होना चाहिए। उन्होंने कहा कि आम जनता को समस्याओं का करना पड़ रहा है।

महालक्ष्मी प्रॉपर्टी एवं फाइनेंस सर्विसेस
राजनांदगांव एवं आसपास के जिलों में सभी शहरी एवं ग्रामीण इलाकों में दुकान, मकान, कृषि भूमि एवं प्लॉटिंग संबंधित भूमि खरीदी की जाती है।
ग्राहक लाने पर 10% कमीशन
पैसा चाहिए ? हमारे पास आइए
आज लोन लिजिए 10 साल तक की आसान किस्तों में चुकायें सभी प्रकार के लोन अब मात्र 48 घंटों में संपर्क करें।
पता - शॉप नं. 24, दिग्विजय स्टेडियम परिसर, राजनांदगांव (छ.ग.)
9301443163, 7987993140



By Train-रिजर्वेशन कोच
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री भेंट द्वारिका, सोमनाथ, नागेश्वर, ओमकालेश्वर, महाकालेश्वर, भीमाशंकर, घृष्णेश्वर, ममलेश्वर, रूखमणि मंदिर, गोपी तालाब, त्रयम्बकेश्वर, शिरडी सांई बाबा, शनि सिंघ्नापुर, नाशिक, पंचवटी, हनुमान जन्म स्थल
यात्रा दिनांक
14 नवंबर 2024
22 दिसंबर 2024
20 जनवरी 2025
23 फरवरी 2025
27 मार्च 2025
11 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर- 17,500/-, 3AC-27,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)



4 रात व 5 दिन Ex दिल्ली
28 नवंबर से 02 दिसंबर 2024, 24 सिदंबर से 28 दिसंबर 2024
04 जनवरी से 08 जनवरी 2025, 04 फरवरी से 08 फरवरी 2025
12 मार्च से 16 मार्च 2025, 08 अप्रैल से 12 अप्रैल 2025
राशिः-स्टैंडर्ड पैकेज 8500 [+ 5% GST ]
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

One Way Taxi
अब आपके पास के भरोसेमंद कॉमन सर्विस सेंटर में उपलब्ध हो गयी है।

CSC Your Trusted Neighbourhood Kiosk
Rahul Travels — One Way Taxi Pvt Ltd —
CUSTOMER CARE NO.:7377511511

द्वितीय पुण्यतिथि
याद करते है जब भी, आपको यादों से, दिल भर आता है, साथ बैठा करते थे सब, आज देखने को दिल तरस जाता है।

स्व. श्रीमती शकुंतला देवी सोनी
- स्वर्गवास - 20/11/2022
आज द्वितीय पुण्यतिथि पर शत्-शत् नमन...
श्रद्धानवत - गोविंद प्रसाद सोनी (पति)
राजेश सोनी, विकास सोनी, विक्रम सोनी
वैभव, केशव एवं मयंक
समस्त सोनी परिवार, हीरामोती लाईन, राजनांदगांव

## खबर संक्षेप

### सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष किए गए नियुक्त






**हरिभूमि पाण्डातराई।** सत्ता परिवर्तन के बाद अब जिले में संचालित सेवा सहकारी समितियों में अध्यक्षों की नियुक्ति की जा रही है। इसी कड़ी में जिले के विकासखण्ड पंडरिया में संचालित सेवा सहकारी समिति पाण्डातराई, दशरंगपुर, कुम्ही तथा रैतापारा में अध्यक्षकों की नियुक्ति की गई है। इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्रीय विधायक श्रीमती भावना बोहरा की अनुशंसा पर सेवा सहकारी समिति पाण्डातराई में अजय गिरी गोस्वामी, दशरंगपुर सेवा सहकारी समिति में बालाराम चन्द्रवंशी, कुम्ही सेवा सहकारी समिति में विद्यानंद चंद्रवंशी तथा रैतापारा सेवा सहकारी समिति में विष्णु चन्द्रवंशी को अध्यक्ष मनोनित किया गया है। माना जा रहा है सेवा सहकारी समितियों में इन नए अध्यक्षकों के मनोनयन से समिति के पंजीकृत किसानो की समस्याओं का बेहतर ढंग से निराकरण होगा साथ ही उन्होने शासन की योजनाओं का भी लाभ सुविधापूर्ण ढंग से प्राप्त होगा। क्रमशः अजय गिरी गोस्वामी, बालाराम चन्द्रवंशी, विद्यानंद चंद्रवंशी, विष्णु चन्द्रवंशी के सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष मनोनित होने पर क्षेत्र के किसानो व नवनियुक्त अध्यक्षकों के समर्थकों में खुशी देखी जा रही है।

### नौ दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भावगत महापुराण सप्ताहिक ज्ञान यज्ञ का आयोजन 23 नवंबर से

**हरिभूमि कोलेगांव।** ग्राम दुल्लापुर-रवेली में नौ दिवसीय संगीतमय



श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताहिक ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन अंगिरा गोत्रीय विप्र परिवार एवं समस्त ग्राम दुल्लापुर-रवेली द्वारा 23 से 29 नवम्बर तक आयोजित किया जा रहा है। जिसमें कथा व्यास दंडी स्वामी ज्योति ज्योतिर्मयानंद सरस्वती महाराज सपाद लक्ष्मेश्वरधाम शारदा द्वारा भक्तजनों को कथा रसपान दोपहर 1 बजे से हरि इच्छा तक संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताहिक ज्ञान यज्ञ कथा का श्रवण पान कराया जाएगा। वहीं ग्रामीण व आसपास के श्रद्धालुओं में भक्तिमय का माहौल बना हुआ है।

### मक्के स्कूल में परख टेस्ट परीक्षा अभ्यास करवाया



**हरिभमि कवर्धा।** शासकीय प्राथमिक शाला मक्के मे 18 नवंबर को परख परीक्षा को लेकर परख टेस्ट परीक्षा अभ्यास करवाया गया। जिसमें कक्षा तीसरी के बच्चों को परीक्षा किस तरह से देना है, बच्चे कैसे प्रश्न को हल करे और ओएमआर को कैसे भरे इसके बारे में बच्चों को अभ्यास कराया गया। सभी विद्यार्थियों को ओएमआर को भरना तथा छात्र छात्राओं को हल करना सीखे। जिसमें प्रधान पाठक श्रीमती एलवीना विलसन, शिक्षक निर्मल कुमार पात्रे, सीएसी रामसिंह साहू तथा एसएमसी के सदस्य उपस्थित थें।

### सेवा सहकारी समिति कोलेगांव में रामाधार शर्मा ने किया पद भार ग्रहण



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम कोलेगांव सेवा सहकारी समिति के नवनिर्वाचित अध्यक्ष रामाधार शर्मा ने पद ग्रहण एवं शपथ लिया गया। उन्होने संबोधित करते हुए कहा कि किसान के हित में काम करने का जो दायित्व क्षेत्रीय विधायक ने सौंपा है उसके लिए श्रीमती भावना बोहरा का आभार व्यक्त करते हुए श्री शर्मा ने कहा कि हर मुश्किल की घड़ी में किसान का साथ और किसान के लिए दिन-रात कड़ी मेहनत होकर काम करूंगा, जिसका जिम्मेदारी विधायक द्वारा दिया गया है उसका पालन करना और किसान के हित के लिए काम करेंगे। इस कार्यक्रम में अध्यक्ष रामाधार शर्मा, नर्मदा शर्मा, राजीव शर्मा, पवन शर्मा, बलभद्र चंद्राकर, गोविंद साहू, नीलमणि चंद्राकर, उमेश साहू, प्रमोद साहू, जोतराम साहू, परमेश्वर साहू, दिनेश पांडेय सहित आसपास क्षेत्र के ग्रामीण किसान गण उपस्थित थें।

### किसान संघ ने धान खरीदी केन्द्र में निगरानी समिति गठित किया



**हरिभूमि कोलेगांव।** समृद्ध छत्तीसगढ़ किसान संघ छत्तीसगढ़ प्रदेश के मार्गदर्शन में जिलामंत्री राजाराम वर्मा और अध्यक्ष कवर्धा अजय चंद्रवंशी, अध्यक्ष कुण्डा सुभाष चंद्राकर के नेतृत्व में धान खरीदी केंद्रों में निगरानी समिति का गठन किया गया, जिसमें सभी धान खरीदी केंद्रों में अध्यक्ष, संयोजक, सह संयोजक और सदस्यों की नियुक्ति किया गया, धान खरीदी केंद्रों में किसानों को होने वाले समस्यायों का समाधान इन अधिकारों के माध्यम से होगा। सभी धान खरीदी केंद्रों में धान खरीदी की साप्ताहिक रिपोर्ट भी लिया जाएगा। इस कार्यक्रम में किसान संघ के समस्त पदाधिकारी व कार्यकर्ता सहित आसपास क्षेत्र के ग्रामीण कृषक बंधु साथ ही साथ ग्रामवासी गण उपस्थित थे।

**न्यायालय नायब तहसीलदार सहसपुर लोहारा, जिला कबीरधाम (छ.ग.)**

**// ज्ञापन //**

क्रमांक/284/ रीडर /ना.तह./ 2024 स.लोहारा
दिनांक13.11.2024, हल्का पटवारी नं.36
तहसील-स.लोहारा, जिला-कबीरधाम छ.ग.

आवेदक ईश्वर कौशिक पिता राम कुमार कौशिक जाति लोधी निवासी ग्राम खैरझिटीखुर्द तहसील स.लोहारा जिला कबीरधाम छ.ग. ने इस आशय का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि आवेदक के नाम (ईश्वर नाबालिक पालक पिता रामकुमार) स्वामित्व ग्राम खैरझिटीखुर्द प.ह.नं. 36 रा.नि.मं. बा. चारभाठा में स्थित भूमि ख. नं. 92,94 रकबा 0.450,0.288 हे. कुल ख.नं. 02 कुल रकबा 0.738 हे.स्थित है। उक्त वाद भूमि का मूल ऋणपुस्तिका कहीं गुम हो गया है उक्त भूमि का डुप्लीकेट ऋणपुस्तिका प्रदाय किये जाने हेतु बी-1 खसरा, चालान,शपथ-पत्र, नो-ड्यूज की प्रति सहित आवेदन पेश किया गया है।

अतः उक्त संबंध मे मौका जाच प्रतिवेदन पेशी दिनांक 28.11.2024 के पूर्व न्यायालय में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करे।

1. आवेदित भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेख में किसके नाम पर दर्ज है तथा कौन काबिज है?
2. क्या आवेदित भूमि राजस्व अभिलेख में बंधक के रूप में दर्ज है?
3. क्या आवेदक द्वारा आवेदित भूमि पर किसी बैंक से किसान क्रेडिट कार्ड या अन्य सुविधा प्राप्त की गई है ? यदि हॉ तो बैंक का नाम बताइयें ?
4. क्या आवेदित भूमि पर कोई भू-राजस्व या अन्य वसूली बकाया है?
5. क्या आवेदित भूमि शासकीय पट्टे या सिलिंग या भूदान से प्राप्त भूमि है?

मुहर

नायब तहसीलदार
तहसील-सहसपुर लोहारा
जिला - कबीरधाम (छ.ग.)

**चयन : कवर्धा के संकल्प अकादमी खिलाड़ियों में उत्साह का माहौल**

# यूनिवर्सिटी हॉकी खेल में जिले के पांच खिलाड़ियों का चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कवर्धा के संकल्प अकादमी के पांच बालक खिलाड़ियो का चयन विश्वविद्यालय हॉकी खेल के लिए हुआ है। 23 अक्टूबर को दुर्ग के रतन चंद सुराना कॉलेज में एक दिवसीय चयन प्रतियोगिता आयोजित किया गया। जिसमे कवर्धा पीजी कॉलेज-संकल्प अकादमी एवं जिले के साथ-साथ दुर्ग, राजनांदगांव, बेमेतरा, कुरुद के दुर्ग यूनिवर्सिटी के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, जिनमे 35 खिलाड़ी उपस्थित थे जिनमे से बेस्ट 18 को टीम शानदार प्रदर्शन के बल पर कवर्धा से गए सभी पांच खिलाड़ियों का चयन उक्त विश्वविद्यालय के लिए किया गया। इस विश्वविद्यालय प्रतियोगिता के पूर्व राजनांदगांव के हॉकी स्टेडियम में 09से 18 नवम्बर तक 10 दिनों का कोचिंग कैम्प रखा गया है। यह प्रतियोगिता ओडिशा के संबलपुर में आयोजित की गई है 19 से 24 नवम्बर तक छः दिनों तक आयोजित होगी, जिसमे भारत वर्ष के सभी विश्वविद्यालय के खिलाड़ी शामिल होंगे जिसमें कवर्धा से चयनित खिलाड़ियो जो कि सुमित निषाद,गणेश यादव, ईश्वर साहू, शैलेंद्र वर्मा व धनेश्वर साहू का चयन उक्त प्रतियोगिता में हुआ है।

**जिले के पदाधिकारियों ने बधाई प्रेषित की**



खिलाड़ियो के चयन पर पूर्व जिला वनमण्डल अधिकारी चूड़ामणि सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी सहायक संचालक महेंद्र गुप्ता, संघ अध्यक्ष अजित चंद्रवंशी, ग्राऊंड ग्रुप कवर्धा, श्रीरामकृष्ण पब्लिक स्कूल की प्राचार्य एम शारदा, प्रबंधक आदित्य चंद्रवंशी, पूर्व क्रीड़ा अधिकारी हफीज कुरैशी, पीटीआई दिनेश साहू, सौरभ सिंह कोच एवं सचिव अविनाश चौहान, जयकिशन चौहान, राजा जोशी, रामू ठाकुर ने चयनित खिलाड़ियो को शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

## रासेयो ने किया स्कूल में बाल मेला का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭पिपरिया

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय पिपरिया में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा बच्चों के बौद्धिक विकास के लिए बाल मेला, रंगोली चित्रकला, स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन रासेयो जिला संगठन श्रीमती कामती परिहार के निर्देशन एवं कार्यक्रम अधिकारी विनोद चंद्रवंशी के दिशा निर्देश में सोमवार को विद्यालय परिसर में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संस्था प्रमुख सतीश कुमार बंजारे, अर्जुन राम चंद्रवंशी द्वारा मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया, उक्त कार्यक्रम में स्वयंसेवकों द्वारा छत्तीसगढ़ी व्यंजनों चिला, बड़ा, फरा, ठेठरी, खुर्मी के साथ गुपचुप, भजिया इत्यादि का स्टॉल लगाकर बिक्री किया गया साथ ही साथ चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया इस रंगोली प्रतियोगिता में कक्षा ग्यारहवीं कला संकाय छात्रा अनीता एवं श्वेता ने मिलकर सेव द गर्ल थीम पर रंगोली बनाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया, कक्षा 12वीं छात्रा रश्मि एवं संध्या ने चिल्ड्रन डे थीम पर रंगोली बनाकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया वहीं कक्षा 12वीं विज्ञान संकाय से सुभाषनी एवं सरिता ने आत्मनिर्भर भारत थीम पर रंगोली बनाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया वही चित्रकला प्रतियोगिता मे 12 वीं विज्ञान की सुहानी देवांगन ने राम दरबार का चित्र बनाकर प्रथम एवं 12वीं विज्ञान की रेखा पटेल ने राम आयेंगे का चित्र बनाकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने इन विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ व्याख्याता एके पांडेय, उन्होंने बताया कि बच्चों के बौद्धिक विकास में ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन होना सार्थक साबित होता है, इस बाल मेले का उद्देश्य बच्चों में छिपी हुई नैसर्गिक प्रतिभाओं को निखारने और समुदाय को विद्यालय से जोड़ने का तथा बच्चों को जीवन में आत्मनिर्भर बनाना है। विद्यालय के सभी बच्चों ने इस बाल मेला का खूब आनन्द उठाया, इस कार्यक्रम में प्राचार्य सतीश कुमार बंजारे, शिक्षक-शिक्षिकाएं साथ ही स्वंसेवकों कि उपस्थिति रही।

### नेशनल कराटे प्रीमियर लींग में जिले के चार खिलाड़ी करेंगे राज्य का प्रतिनिधित्व






**हरिभूमि कवर्धा।** नेशनल कराटे प्रीमियर लींग में जिले के चार खिलाड़ी करेंगे राज्य का प्रतिनिधित्व जो कि 19 से 23 नवंबर तक दिल्ली के तालकटोरा इंडोर स्टेडियम में नेशनल कराटे प्रीमियर लींग का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे भारत के उत्कृष्ट खिलाड़ी अपने कराटे खेल का प्रदर्शन करेंगे। जिसमे जिले से चार खिलाड़ी जो कि शैली पाली सीनियर वर्ग, पेखराज साहू जूनियर वर्ग, फाइज रजा बेग एवं दिव्यांशी खुसरे सब जूनियर वर्ग में अपने कराटे खेल का शानदार प्रदर्शन करेंगे। सभी खिलाड़ी नियमित रूप से करपात्री विद्यालय में अभ्यास करते है, सभी खिलाड़ी पुलिस विभाग आरक्षक आकाश सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में करपात्री स्कूल में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है। खिलाड़ियों के चयन पर जिला कराटे संघ के पदाधिकारी गण, अभिभावक गण एवं सभी खिलाड़ियों ने शुभकामनाएं दी।

### परियोजना कुण्डा में कार्यकर्ता व सहायिका सम्मान समारोह संपन्न



**हरिभूमि कुण्डा।** छत्तीसगढ़ शासन महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के आदेशानुसार प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले आंगनबाड़ी के कार्यकर्ता एवं सहायिका का सम्मान किए जाने के आदेश पर महिला एवं बाल विकास परियोजना कुण्डा द्वारा कार्यकर्ता एवं सहायिका सम्मान आयोजित कर भव्य कार्यक्रम किया गया, जिसके मुख्य अतिथि जनपद पंचायत पंडरिया उपाध्यक्ष तुलस कश्यप, अध्यक्ष भाजपा मंडल कुण्डा मंडल अध्यक्ष मुकेश ठाकुर, विशिष्ट अतिथि नंदलाल चंद्राकर, श्रीमती सुमति उमेश चंद्राकर, अश्विनी यदु कृष्णा चंद्राकर, सुरेश दुबे रामकुमार बंजारे, अमन खनूजा साथ ही साथ परियोजना कुण्डा के समस्त सुपरवाइजर उपस्थित थें। जिसमे सुश्री जयंती कुजूर, श्रीमती ममता राज, सुश्री संध्या साहू, श्रीमती पार्वती बोस, श्रीमती ऊषा साहू, सुश्री नंदनी यादव, देवदत्त चंद्राकर इस कार्यक्रम में विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों में उत्कृष्ट सेवा प्रदात्री कार्यकर्ता एवं सहायिका का मुख्य अतिथि अध्यक्ष एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा शाल, श्रीफल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि तुलस कश्यप अध्यक्ष मुकेश ठाकुर, विशिष्ट अतिथि नंदलाल चंद्राकर एवं कृष्ण चंद्राकर अश्वनी यदु द्वारा मातृ शक्ति के सम्मान में उनके कर्तव्य निर्वहन में आंगनबाड़ी शब्द का उच्च व्याख्या किया गया। इस सम्मान में कुण्डा सेक्टर से 14, महली से 06, रूसे से 06, मोहगांव से 08, दामापुर सेक्टर से 06 कार्यकर्ता सहायिका को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में परियोजना अधिकारी बृजेश सोनी द्वारा समस्त अतिथियों एवं अपने कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं का आभार व्यक्त किया गया, कार्यक्रम का आदि से अंत तक सुव्यवस्थित समा बांधकर हायर सेकेंडरी स्कूल कुण्डा के शिक्षक कलीराम चंद्राकर द्वारा मंच का सफल संचालन किया गया।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का डोंगरिया में परिवार मिलन समारोह कार्यक्रम संपन्न



- राजमाता देवी अहिल्या बाई जीवनी पर प्रकाश डाला।

हरिभूमि न्यूज ⏭पाण्डातराई

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खंड पंडरिया का परिवार मिलन कार्यक्रम डोंगरिया जलेश्वर महादेव में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के परिवार सम्मिलित हुए, कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सहकार भारती छत्तीसगढ़ के प्रान्त अध्यक्ष राधेश्याम चंद्रवंशी ने कहा जीवन में परिवार का बहुत ही महत्व है, भारत में सयुंक्त परिवार की व्यवस्था रही है, परिवार ही जीवन की वो सीढ़ी है जो व्यक्ति को समाज में व्यवस्थित जीवन जीना सिखाती है। परिवार जीवन मूल्य सिखाती है, एक साथ रहने से कठिन से कठिन कार्य को सरलता से किया जा सकता है, आज परिवार व्यवस्था एकल हो रही है जिससे लोग मानवीय मूल्यों को भूल रहे हैं।

आधुनिक दौर में अपने संस्कार को भूल रहे हैं, हिन्दू जीवनशैली संस्कार युक्त है, सबका कल्याण की कामना करने वाला ही हिन्दू हैं। परिवार को संस्कारवान बनाने में माताओं की बड़ी भूमिका है, नारी युग-युग से वंदनीय है, नारी अबला नहीं सबला है, परिवार को एक रखने में माताओं की बड़ी भूमिका है, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ दुर्ग विभाग के सेवा प्रमुख राधेश्याम पाली ने पुण्यश्लोक राजमाता देवी अहिल्या बाई जीवनी पर प्रकाश डाला। उन्होने कहा कि राजमाता पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर का जीवन कठिनाइयों से भरा रहा लेकिन उन्होंने अपना धैर्य नहीं खोया, भगवान शिव पर अटूट श्रद्धा रखने वाली राजमाता अहिल्या बाई होल्कर ने राजकाज की बागडोर अपने हाथों में लिया और प्रजा के लिए अनेकों कल्याणकारी कार्य किए हैं। आज भी 300 वर्ष बाद भी उनके कामों की झलक मिलती हैं, वे न्यायप्रिय थी। 31 मई 2025 को हम सब मिलकर पुण्यश्लोक राजमाता अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयंती अवश्य मनाएं, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खंड पंडरिया के कार्यवाह होरीलाल गबेल ने कहा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना डॉ केशव बलिराम हेडगेवार ने आजादी से पहले कठिन परिस्थितियों में संघ रूपी बीज को लगाया जो आज वट वृक्ष की तरह विशाल बन चुका है।

संघ की स्थापना हिन्दू समाज को संगठित करके मातृभूमि की सेवा करने के लिए किया गया, संघ के स्वयंसेवक भारत माता के सेवा में निःस्वार्थ तत्पर रहते हैं, स्वयंसेवकों सपरिवार मेला परिसर में एक कदम का पौधरोपण किया गया। इस कार्यक्रम में आसपास क्षेत्र के पदाधिकारी कार्यकर्ता व बड़ी संख्या में मातृशक्ति सम्मिलित हुए।

Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
6&7 फेन
बुकिंग प्रारंभ
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र
2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.)
8819840000

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट
कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श)
स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
130+ EXPERIENCE CENTRES PAN INDIA
PHILIPS REXTON HEARING AIDS AVAILABLE
9659 455 455
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH
TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं
मुहांसे • सोरायसिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया
अर्टीकेरिया • फंगल इनफेक्शन • टेली कंसलटेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130


**समस्या:** ग्रामीणों में दहशत, वन विभाग हाथियों के दल पर रखे हुए है नजर

# पंडरिया ब्लाक के जंगलों में फिर आ धमका चार सदस्यीय हाथियों का दल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

करीब-करीब साल भर बाद एक बार फिर जंगली हांथियों का दल कबीरधाम जिले के पंडरिया विकासखण्ड के सीमावर्ती वनांचल ग्रामों में आ धमका है। बताया जाता है कि चार हांथियों के दल ने सोमवार की देरशाम अचानकमार के जंगलों से होते हुए जिले के विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत सीमावर्ती ग्राम चेंद्रादादर, तिंगड्डा पहुंचा है। हांथियों के इस दल के गांव में प्रवेश करने की भनक लगते ही ग्रामीणों में दहशत फैल गई और उन्होने तत्काल इसकी जानकारी पंडरिया के क्षेत्रीय वन महकमे को दी। ग्रामीणों की सूचना पर वन अमला भी हरकत में आ गया है और उसने मौके पर पहुंचकर जंगली हांथियों की गतिविधियों पर नजर रखना शुरू कर दिया है। वहीं दूसरी तरफ वन विभाग द्वारा क्षेत्र में सुरक्षा की दृष्टि से मुनादी भी करा दी है कि कोई भी ग्रामीण जंगली हांथियों के करीब न जाए और उन्हें पटाखे फोड़कर डराने अथवा उन्हें नुकसान पहुंचाने का प्रयास न करे। वन विभाग ने ग्रामीणों को जंगलों की तरफ न जाने और रात के समय बाहर न घूमने की भी समझाईश दी है। वन विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक हाथी मध्य प्रदेश से कवर्धा पहुंचे है। हाथियों के इस झुंड में कुल चार हाथी है जिसमें एक नर हाथी दो मादा और एक शावक है। जो पिछले एक महिने से कबीरधाम जिला से लगे मध्यप्रदेश के करंजिया विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत चमकी के जंगल में डेरा जमाए हुए थे। सोमवार को मध्यप्रदेश वन विभाग की तरफ से हाथियों को खदेड़ा गया तो हाथियों का दल छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले में दाखिल हो गया।

### किसानो की फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हाथी



वनांचन से निकलकर आई जानकारी के मुताबिक हाथियों का दल फिलहाल चेंद्रादादर, तिगड्डा गांव में मौजूद हैं। कबीरधाम में दाखिल होने के दौरान हाथियों का दल जिस रास्ते से पहुंचा उस रास्ते में पड़ने वाले खेत में लगी कोदो, कुटकी, ज्वार की फसल को रौंद दिया है। भोजन की तलाश में हाथी जिले के अंदर आगे बढ़ रहे हैं। माना जा रहा है कि इस समय वनांचल क्षेत्र के खेतों में भुट्टा, गन्ना की फसल तक अगर हाथी का दल पहुंचा गया तो उनको खदेड़ना मुश्किल हो जाएगा क्योंकि गन्ना हाथियों का पसंदीदा भोजन है। वहीं खबर मिली है कि हांथियों के दल ने कुछ ग्रामीणों के कच्चे मकानो को भी क्षति पहुंचाई है।

### हर साल पहुंच रहा हाथियों का दल

यहां बताना लाजिमी होगा कि बीत कुछ वर्षो से हाथियों का दल कबीरधाम में लगातार पहुंच रहा है। अभी बीते वर्ष भी इसी तरह से आधा दर्जन हाथियों का दल जिले में प्रवेश कर गया था और लम्बे समय तक जिले के बोड़ला तथा पंडरिया विकासखण्ड क्षेत्र में चहलकदमी करने के बाद कान्हा के जंगलों दाखिल हो गया था और करीब महिने भर तक कान्हा के जंगलों में ढेरा डालने के बाद इसी रास्ते पुनः अचानक मार के जंगलों में चला गया था। माना जा रहा है कि इस बार हाथियों की इस बार भी कुछ ऐसी यात्रा निर्धारित है।

# 9 वर्षीय बालक रवि बैगा की मौत को लेकर एनएसयुआई ने दिया एक दिवसीय धरना

प्रशासन को सौंपा पांच सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन



■ सर्पदंश के बाद पीड़ित को बेहतर ईलाज नहीं मिलने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र एवं विशेष संरक्षित बैगा जनजाति के सर्पदंश पीड़ित 9 वर्षीय बालक रवि बैगा पिता बैसाखू बैगा निवासी ग्राम लीलादारदर की बीते दिनो तथा कथित तौर पर समय रहते उचित उपचार व सरकारी स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं मिलने के कारण हुई मौत के विरोध में मंगलवार को एनएसयुआई के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने जिला मुख्यालय कवर्धा में एक दिवसीय धरना देकर मामले की जांच कराए जाने तथा दोषियों के खिलाफ कार्यवाही किए जाने सहित अन्य पांच सूत्रीय मांगों को लेकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा।

इस अवसर पर धरना प्रदर्शन में शामिल ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पीतांबर वर्मा द्वारा बताया कि बोडला ब्लॉक के वनांचल क्षेत्र में बैगा जनजाति के लोग सुरक्षित नहीं है। इस समुदाय के लिए सरकार द्वारा करोड़ों की योजनाएं सिर्फ कागजों में बनाई और चलाई जा रही है। जबकि धरातल में कोई सुविधा नहीं है। उन्होने कहा कि बालक रवि बैगा की मौत इसका उदाहरण है। उन्होने कहा कि रवि बैगा और उसके परिवार को न्याय दिए जाने की मांग को लेकर ही आज यह धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया है।

एनएसयूआई के पूर्व प्रदेश सचिव बंटी खान द्वारा बताया गया कि ये गृह मंत्री का जिला है लेकिन अब तक गृह मंत्री द्वारा बैगा लोगों की कोई सुध नहीं ली गई है। उन्होने बताया कि एनएसयुआई ने आज पांच सूत्रीय मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया है। जिसमें शासन-प्रशासन के समक्ष मुख्य रूप से मृतक बालक रवि बैगा के परिजन को 10 लाख की मुआवजा राशि दिए जाने, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के दोषी प्रभारी की बर्खास्तगी, तरेगांव अस्पताल के संलग्र ग्रामीण सहायक चिकित्सक की संलग्नीकरण की समाप्ति, घटना दिवस के सीसीटीवी फुटेज की जांच, घटना के प्रमुख जिम्मेदार बीएमओ की बर्खास्तगी की मांग रखी गई है।

कांग्रेस के ब्लॉक मीडिया प्रभारी ने बताया कि बैगा बच्चे के मृत्यु के बावजूद पीड़ित परिवार की कोई सुध नहीं ली गई है। जिससे बैगा समुदाय सरकार की इन नीतियों से भारी नाराज है। धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में मुख्य रूप से ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पीतांबर वर्मा, पूर्व एनएसयूआई प्रदेश सचिव बंटी खान, मनमोहन अवस्थी, रामचरण साहू, एनएसयूआई अध्यक्ष जलेश धुर्वे, युवा कांग्रेस अध्यक्ष रामगोपाल वर्मा, सूरज वर्मा, अमित वर्मा, राकेश यादव, श्याम मसराम, परदेसी धुर्वे, सरजू यादव, किशन मरावी, तुलसी बैगा, अमन वर्मा, कुमार पटेल, धनीराम, हरिप्रसाद बंजारे, कमल बंजारे, राजेश मरावी, भागवत साहू, बैसाखू बैगा, समरथ बैगा, सुंदरिया भाई, फुल्कैना बाई, ढोलू राम बैगा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं

**कवर्धा।** कलेक्टर गोपाल वर्मा ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में जिले के विभिन्न गांवो से पहुंचे नागरिकों, आमजनों से मुलाकात किया। उन्होंने मुलाकात कर उनकी मांगो एवं समस्याओं और शिकायत संबंधी आवेदनों का निराकरण करने संबंधित विभाग के अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। आज जनदर्शन में ग्राम कवंलपुर निवासी अशोक भास्कर ने फसल को चोरी से काट कर ले जाने तथा न्यायालय के आदेश की अवमानना संबधी आवेदन दिया। कलेक्टर ने पुलिस विभाग के अधिकारी को जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। सुखचंद जोशी ने जमीन विवाद के संबंध में आवेदन दिया। कलेक्टर ने सहसपुर लोहारा तहसीलदार को जांच कर प्रकरण का निराकरण करने निर्देश दिए। ग्राम मड़मड़ा निवासी परमेश्वर विश्वकर्मा ने श्रमिक भुगतान के लिए आवेदन दिया, ग्राम पंचायत घुरकुण्डी के ग्रामीणों ने अनियमितता की जांच करने आवेदन दिया। कलेक्टर ने सभी प्रकरणों को गंभीरता से लिया और संबंधित अधिकारी को जांच कर निराकरण करने के निर्देश दिए।

### धान खरीदी केंद्रों में किसान माइक्रो एटीएम

**कवर्धा।** किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए सरकार ने एक और सुविधा दी है। इससे किसानों को तत्काल राशि की जरूरत पूरी हो सकेगी। धान बेचने केन्द्रों में पहुंचे किसान अब वहां माइक्रो एटीएम से दो हजार रुपए से लेकर दस हजार रुपए तक निकाल सकेंगे। जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जा रही है। किसानों को धान बेचने के बाद 72 घंटे के भीतर उनके बैंक खाते में भुगतान की व्यवस्था भी शासन ने तय की है। अन्य जानकारी भी दी गई।

### नामदेव जयंती समारोह दिसंबर में

**गंडई पंडरिया।** संत शिरोमणी नामदेव महाराज की 754 वी जयंती मनाने के लिए श्रीराम मंदिर पंडरिया में बैठक आयोजित किया गया। बैठक में नामदेव समाज ने विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हुए नामदेव जयंती मनाने के लिए आगामी 2 दिसम्बर की तिथि तय किया। इस दौरान नामदेव समाज युवा इकाई के अध्यक्ष अजय नामदेव ने जयंती मनाने एवं अन्य विभिन्न विषयों पर अपना विचार रखा। पूर्व युवा अध्यक्ष देवनरायण नामदेव ने पूर्व में हुए जयंती समारोह पर प्रकाश डालते रूपरेखा तय करने की बात कहा। जयंती समारोह के तहत नामदेव मंच वार्ड 2 में सत्यनारायण पूजा अश्वनी नामदेव द्वारा किया जाएगा। दोपहर 3 बजे भजनों के साथ रैली निकलेगी। शाम 6 बजे समाज के बच्चे, महिलाओं के लिए प्रतियोगिता का आयोजन होगा। विजेताओं को प्रवीण नामदेव द्वारा अपने पिता स्व नारायण नामदेव की स्मृति में पुरस्कृत किया जाएगा।

# शिक्षा विभाग में चल रहा अटैचमेंट का खेल, बिगड़ रही व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



एक तो जिले का स्कूल शिक्षा विभाग पहले ही शिक्षकों की कमी से जूझ रहा है उस पर विभाग में बैठे आला अधिकारियों और नेताओं की सय पर चल रहे अटैचमेंट के खेल ने पूरी व्यवस्था ही चौपट कर दी है। जिसकी सीधा असर जिले के सरकारी स्कूलों में अध्यनरत विद्यार्थियों की पढ़ाई लिखाई के साथ ही उनके भविष्य पर भी पड़ता दिखाई दे रहा है। लेकिन हैरानी की बात यह है कि स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारी और शासन-प्रशासन के नुमाईदे इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। इसकी एक बानगी हाल ही में जिले के विकासखण्ड बोड़ला अंतर्गत वनांचल तथा नक्सल प्रभावित ग्राम भरतपुर में संचालित शासकीय प्राथमिक शाला से सामने आई थी। यहां कहने को तो संचालित कक्षा पहली से लेकर पांचवी तक की कक्षाओं के अध्यनरत बच्चों को बेहतर ढंग से पढ़ाने लिखाने के लिए एक प्रधान पाठक सहित कुल चार शिक्षक पदस्थ किए गए है। लेकिन विभाग में चल रहे अटैचमेंट के खेल का बेजा फायदा उठाते हुए इस स्कूल के भी चार में से एक प्रधान पाठक सहित दो अन्य शिक्षकों ने अपना ठिकाना अपनी सुविधा के अनुसार तलाश लिया है। अब इस स्कूल में मात्र एक शिक्षक ही अपनी सेवाएं दे रहा है। समझा जा सकता है कि किसी स्कूल में पदस्थ इकलौता शिक्षक कैसे पांच-पांच कक्षाओं के बच्चों को पढ़ाता लिखाता होगा और वह तब जब स्कूल में बुनियादी सुविधाओं तक का आभाव हो। यहां बताना लाजिमी होगा कि यह स्थिति सिर्फ जिले के विकासखण्ड बोड़ला अंतर्गत सिर्फ ग्राम भरतपुर प्राथमिक शाला भर की नहीं है बल्कि जिले के संभवतः किसी भी स्कूल में स्वीकृत पदों के अनुरूप शिक्षकों की पदस्थापना नहीं की गई है और जितने पदस्थ है उनमें से भी कईयों ने अपने पदांकित स्कूलों से किनारा कर अपनी सुख सुविधा के हिसाब से दूसरे स्कूलों में अटैच मेंट ले रखा है। यहीं वजह है कि जिले के सरकारी स्कूली में भरतपुर के प्राथमिक शाला जैसी स्थिति बनी हुई है।

### शिक्षा विभाग के कई शिक्षक वर्षो से छात्रावास आश्रम प्रभारी अधीक्षक बनकर मार रहे हैं मलाई

शिक्षा विभाग के कई शिक्षक जहां चढ़ौत्री के दम पर अपनी मनचाही और सुविधाजन शालाओं में पदस्थ होकर चेन की बंशी बजा रहे हैं वहीं कुछ शिक्षक ऐसे भी हैं जो बढ़ी चढ़ौत्री और पहुंच के दम पर वर्षो से जिले में आदिजाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित आश्रम और छात्रावासों में प्रभारी अधीक्षक बनकर मलाई मार रहे हैं। इन शिक्षकों को यह मलाईदार पद इतना भा रहा है कि वे अपने मूल विभाग के पद पर लौटना नहीं चाहते। भले ही उन्हें इस पद पर बने रहने के लिए अधिकारी और नेताओं को मोटी चढ़ौत्री क्यों न चढ़ाना पड़े। दरअसल आदिम जाति कल्याण विभाग से छात्रावास आश्रमों के लिए विभिन्न मदों के नाम पर मिलने वाली लाखों रुपए की राशि से होने वाली कमाई के चलते अब उन्हें अपने मूल विभाग में लौटकर केवल वेतन के भरोसे बच्चों को पढ़ाने लिखाने वाला काम फूटी आंख नहीं सुहाता। इसीलिए वे अधीक्षक वाले दायित्व पर बने रहने के लिए हर संभव कोशिश करते हैं। नहीं तो जो शिक्षा विभाग स्वयं शिक्षकों की समस्या से जूझ रहा है वह भला दूसरे विभाग में अपने शिक्षकों को कैसे भेज सकता है। लेकिन इसी को तो कहा जाता है अंधेरगर्दी चौपट राजा।

# शीतला वार्ड में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



नगर के जाने माने प्रतिष्ठित नागरिक स्व. ध्रुव पाण्डेय के वार्षिक श्राद्ध के उपलक्ष्य में वार्ड क्रमांक 19 शीतला वार्ड में 18 नवम्बर से श्रीमद् भागवत महादुपराण कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है।

आयोजकों से मिली जानकारी के अनुसार श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ 18 नवम्बर को व्यासपीठ दण्डी स्वामी विशुद्धानंद सरस्वती महराज के सानिध्य में भगवान गणेश पूजन तथा भव्य कलश यात्रा निकालकर की गई। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने हिस्सा लिया।

कथा व्यास द्वारा प्रतिदिन दोपहर 1.00 बजे से शाम 6.00 बजे तक श्रीमद् भागवत महापुराण की कथा का श्रवणपान श्रोताओं का कराया जा रहा है। वहीं पारायणकर्ता के रूप में पंडित अविनाश शर्मा उपस्थित है। प्रथम दिन 19 नवम्बर को व्यासपीठ द्वारा परीक्षित जन्म, नारद चरित्र, वराहावतार की कथा सुनाई। जिसे सुनने बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे।

आयोजकों ने बताया कि 20 नवम्बर को दक्ष यज्ञ, ध्रुच चरित्र वर्णन, भरताख्यान, 21 नवम्बर को भूगोल, खगोल वर्णन, अ जा मि लो पा ख्या न, प्रहलाद चरित्र, 22 नवम्बर को समुद्र मंथन, परशुराम अवतार, कृष्ण अवतार कथा, 23 नवम्बर को नन्दोत्सव, पूतना उद्धार, बाल लीला, रूखमणी विवाह, 24 नवम्बर को प्रधुम्य जन्म, कृष्ण विवाह, सुदामा चरित्र, 25 नवम्बर को परिक्षित मोक्ष और चढोत्री का आयोजन किया जाएगा।

इसी प्रकार 26 नवम्बर को हवन, तुलसी वर्षा, गीता वर्णन, कपिता तर्पण तथा ब्राम्हण भोज का आयोजन किया जाएगा। आयोजकों ने नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में इस धार्मिक आयोजन में शामिल होने का आव्हान किया है।

# नशामुक्त भारत अभियान के तहत छिरहा स्कूल में कार्यक्रम आयोजित

■ स्कूली बच्चों को प्राचार्य ने दिलाई नशा मुक्ति की शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा




भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के नशामुक्त भारत अभियान के तहत भोरमदेव नशामुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र की टीम द्वारा शासकीय हाई स्कूल छिरहा में कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों को नशामुक्ति के लिए जागरूक किया गया। टीम के सदस्यों ने बताया कि भारत में प्रमुख रूप से शराब, सिगरेट, तम्बाकू का सेवन आम है, लेकिन इसके अलावा भी अलग-अलग तरह के नशा करते हैं, जिसमें अफीम, चरस, गांजा, हेरोइन व कोकेन जैसे घातक नशीले पदार्थ शामिल है। नशा हमें शारीरिक, मानसिक व आर्थिक रूप से नुकसान पहुंचाता है। पारिवारिक कलह का कारण बनता है। कवर्धा के पास ग्राम सैगोना में स्थित नशामुक्ति व पुनर्वास केंद्र द्वारा नशा छुड़ाने के लिए दिए जाने वाले निःशुल्क सुविधाओं की जानकारी प्रदान किया गया। संस्था के प्राचार्य रमेश चन्द्रवंशी ने विद्यार्थियों को नशामुक्ति के लिए प्रेरित करते हुए बताया कि नशामुक्त भारत अभियान का प्रमुख उद्देश्य आम जनता व शिक्षण संस्थाओं में मादक द्रव्यों के सेवन के बारे में जागरूकता फैलाना है। इस दौरान विद्यार्थियों व शिक्षकों ने शपथ लिया कि स्वयं नशामुक्त रहते हुए समुदाय, परिवार व मित्र में बदलाव लाने में सहयोग करेंगे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्राचार्य रमेश चन्द्रवंशी, व्याख्याता रंजीता माहेश्वरी, वीणाक्षी नामदेव, भोरमदेव नशामुक्ति केंद्र के टीम एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## सरस्वती शिशु मंदिर स. लोहारा में पूर्व छात्र सम्मेलन का आयोजन



**स लोहारा।** सरस्वती शिशु मंदिर सहसपुर लोहारा में पूर्व छात्र सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें 1995 से लेकर 2023 तक के छात्रों को आमंत्रित किया गया। भैया बहनों ने आशा के अनुरूप अपनी उपस्थिति देकर विद्यालय से उनका लगाओ और शिक्षा के प्रति अपना समर्पण का भाव प्रदर्शित किया। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यालय समिति के अध्यक्ष संजय जायसवाल, प्राचार्य प्रहलाद सिन्हा और विद्यालय प्रारंभ से लेकर आज तक सेवा दे रही शिक्षिका श्रीमती सरस्वती ठाकुर के साथ-साथ आचार्य स्टाफ उपस्थित थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में अखिल गुप्ता एवं दिनेश ठाकुर उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती प्रणाम अक्षरों और मां भारती की चलचित्र पर दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। तत्पश्चात अतिथियों के स्वागत पश्चात उपस्थित भैया बहनों से उनका परिचय और उनका अनुभव साझा किया गया। अनुभव कथन पश्चात बच्चों ने वरिष्ठ शिक्षिकों का श्रीफल और साल से सम्मान किया। विद्यालय के प्राचार्य एवं वरिष्ठ शिक्षिकाओं के द्वारा बच्चों की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आशीर्वाद प्रदान किया और विद्यालय से हमेशा परिवार भाव बनाए रखने की बात कही। समस्त उपस्थित बच्चों को सम्मानित कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

उपमुख्यमंत्री ने हमारा शौचालय हमारा सम्मान अभियान का किया शुभारंभ

# विश्व शौचालय दिवस पर आयोजित किया गया कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा




विश्व शौचालय दिवस के अवसर पर आज उपमुख्यमंत्री व पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्री विजय शर्मा ने वर्चुअल माध्यम से प्रदेश के सभी विकासखंडों में हमारा शौचालय हमारा सम्मान अभियान का शुभारंभ किया। यह 22 दिवसीय अभियान स्वच्छता और शौचालयों के उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए प्रदेश भर में चलाया जाएगा। कबीरधाम जिले में इस अवसर पर जिला कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुशीला भट्ट सहित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और ग्रामीण विकास से जुड़े संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने विश्व शौचालय दिवस के अवसर पर संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता को आदत और संस्कार में बदलना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रहे स्वच्छ भारत मिशन का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने अपने उद्बोधन में स्वच्छता को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल एक आदत नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी है, जिसे हर नागरिक को निभाना चाहिए। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन ने देशभर में जागरूकता फैलाने का काम किया है और अब इसे जन-आंदोलन में बदलने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि खुले में शौच की प्रथा को समाप्त करने और स्वच्छता का स्तर सुधारने में सरकार के साथ-साथ आम जनता की भी अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि बच्चों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता पैदा करने से हम एक स्वस्थ और स्वच्छ भविष्य का निर्माण कर सकते हैं। इसके साथ ही उन्होंने स्थानीय प्रशासन और समुदायों से अपील की कि वे स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें और इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट, मुखीराम मरकाम, जनपद उपाध्यक्ष डॉ. बीरेन्द्र साहू, जिला पंचायत सीईओ अजय त्रिपाठी सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी, ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधि, सरपंच, पंच उपस्थित थे।

# योग वेदांत सेवा समिति द्वारा आदिवासियों को भंडारा व जीवनोपयोगी सामग्री वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



संत श्री आशारामजी बापू प्रेरित श्री योग वेदांत सेवा समिति रायपुर व भोरमदेव आश्रम कवर्धा समिति द्वारा संत आशाराम बापू के साधक शिष्य ओमकारानंद के सानिध्य में कवर्धा के दलदली व नां च ल आदिवासी क्षेत्र ग्राम भुरसीपकरी में 500 जरूरतमंद परिवारों में सत्संग कार्यक्रम के साथ भंडारा व जीवनोपयोगी सामग्री वितरण किया गया। रायपुर आश्रम के रामा भाई व मोहन भाटिया, अशोक डोड़वाणी, रवि कुकरेजा एवं विकास मोटवानी ने संयुक्त रूप से बताया कि सर्वप्रथम आस-पास के सभी परिवारों को एकत्रित किया गया फिर उनको सम्मान पूर्वक बैठाकर ओमकारानंद द्वारा योग प्राणायाम की शिक्षा दी गयी। पूज्य बापू के बताए गए स्वस्थ्य, सुखी व सम्मानित जीवन जीने की कुंजी को सरलता से समझाया गया। तत्पश्चात भंडारे का आयोजन किया ग या। जी व नो प यो गी सामग्री में कम्बल, साड़ी, सलवार सूट, पैंट-शर्ट, कैलेंडर, चटाई, मिठाई व अन्य जरूरत की सामग्री वितरण किया गया। यह सभी सामग्री पाकर जरूरमंद लोगों में खासी खुशी देखी गई।